UPSSSC सम्मिलित व्यायाम परीक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी परीक्षा, 2018 (प्रथम पाली)

सीरीज-A-A **परीक्षा तिथि-16.09.2018**

सामान्य बुद्धि परीक्षण

1. निम्नलिखित उत्तर-समूह में कौन-सी आकृति प्रश्न-समूह के अनुक्रम में होनी चाहिए?

प्रश्न समूह



उत्तर समूह



A B C D

(a) B (b) A

(c) D (d) C

उत्तर—(c)

प्रश्न में दी गई आकृति में भुजाओं की संख्या एक-एक बढ़ रही है तथा उसके मध्य दी गई आकृति 90^0 वामावर्त घूम रही है। अत: अगली आकृति 'D' होगी जो विकल्प (c) में दिया गया है।

2. उत्तर-समूह में से कौन-सी आकृति प्रश्न-समूह में दिए गए प्रश्न चिह्न के स्थान पर आनी चाहिए?

प्रश्न-समूह



उत्तर-समूह



(a) A (b) D

(c) B (d) C

उत्तर—(a)

विकल्प (a) में दी गई आकृति प्रश्न आकृति के अनुक्रम को पूरा करेगी। भुजा की संख्या में एक की वृद्धि तथा उसके मध्य दी गई तीर का मुख विपरीत दिशा में हो जाएगा।

3. निम्नलिखित उत्तर-समूह में कौन-सी आकृति प्रश्न-समूह के अनुक्रम में होनी चाहिए?

प्रश्न-समूह

उत्तर-समूह



A B C D

(a) A (b) D

(c) B (d) C

उत्तर—(d)

प्रश्न में दी गई आकृतियों को 135^0 वामावर्त (Anti Clockwise) घुमाने पर अगली आकृति प्राप्त होती है। अत: विकल्प (d) में दी गई आकृति, प्रश्न आकृति के अनुक्रम को पूरा करेगी।

4. उत्तर-समूह में से कौन-सी आकृति दिए गए प्रश्न-समूह में प्रश्नचिह्न के स्थान पर आनी चाहिए?

प्रश्न-समूह



उत्तर-समूह



(a) B (b) D

(c) A (d) C

उत्तर—(c)

प्रश्नचिह्न के स्थान पर विकल्प (c) में दी गई आकृति आएगी। आकृतियों का आकार क्रमशः बाएं से दाएं बढ़ रहा है।

5. उत्तर-समूह में से कौन-सी आकृति, प्रश्न-समूह में दिए गए प्रश्नचिह्न के स्थान पर आनी चाहिए?

प्रश्न समूह



उत्तर समूह



(a) A (b) D

(c) B (d) C

उत्तर—(b)

प्रश्न में दी गई आकृतियों से स्पष्ट है कि, अगली आकृति 45^0 दक्षिणावर्त दिशा में बाएं से दाएं घूम रही है। अतः विकल्प (b) में दी गई आकृति, प्रश्न आकृति के अनुक्रम को पूरा करेगी।



निर्देश- (6-से 9 तक) निम्नलिखित वेन-आरेख को ध्यान में रखते हुए दी गई सूचना को पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। एक कक्षा के 200 बच्चों को उनके पसंदीदा ग्रीष्मकालीन नाश्ते (स्नैक) के बारे में बताने को कहा गया। 12 बच्चों ने बताया कि वे कुकीज और आइसक्रीम दोनों पसंद करते हैं, परंतु कपकेक्स नहीं। 6 बच्चों ने बताया कि वे आइसक्रीम और कपकेक्स पसंद करते हैं लेकिन कुकीज नहीं। 8 बच्चों ने कपकेक्स और कुकीज को पसंद किया लेकिन आइसक्रीम को नहीं। 3 बच्चों ने आइसक्रीम, कुकीज और कपकेक्स को छोड़कर अन्य विभिन्न स्नैक्स (पिज्जा, बर्गर, सेंडविच आदि) को पसंद किया।



प्रश्न (6-9 तक) का हल

कक्षा में कुल बच्चों की संख्या = 200

केवल आइसक्रीम पसंद करने वाले = 50

केवल कुकीज पसंद करने वाले = 75

केवल कपकेक्स पसंद करने वाले = 40

केवल कुकीज और आइसक्रीम पसंद करने वाले = 12

केवल आइसक्रीम और कपकेक्स पसंद करने वाले = 6

केवल कपकेक्स और कुकीज पसंद करने वाले = 8

अन्य स्नैक्स (पिज्जा, वर्गर, सेंडविच) को पसंद करने वाले = 3

माना तीनों स्नैक्स पसंद करने वाले बच्चों की संख्या = x

अब

$$50+75+40+12+6+8+3+x=200$$

$$194+x=200$$

$$x=6$$



6. कितने बच्चों ने यथार्थतः दो स्नैक्स पसंद किए?

(a) 23 (b) 20

(c) 26 (d) 29

उत्तर—(c)

दो स्नैक्स पसंद करने वाले बच्चों की संख्या $= 12 + 6 + 8$
$= 26$

7. कितने प्रतिशत बच्चों ने तीन स्नैक्स पसंद किए?

(a) 6 (b) 3

(c) 8 (d) 4

उत्तर—(b)

तीन स्नैक्स पसंद करने वाले बच्चों की संख्या = 6

$$\text{अभीष्ट } \% = \frac{6}{200} \times 100$$

$$= 3\%$$

8. कितने बच्चों ने सभी तीनों स्नैक्स-कुकीज, कपकेक्स और आइसक्रीम पसंद किए?

(a) 4 (b) 8

(c) 6 (d) 2

उत्तर—(c)

तीनों स्नैक्स पसंद करने वाले बच्चों की संख्या = 6

9. यदि कुकीज पसंद करने वाले 10 प्रतिशत बच्चे अपना मन बदलकर जलेबियां पसंद करते हैं, तब सही-सही एक स्नैक्स पसंद करने वाले बच्चों और तीन स्नैक्स पसंद करने वाले बच्चों के बीच संख्या का अंतर क्या होगा?

(a) 159 (b) 162

(c) 163 (d) 164

उत्तर—(a)

कुकीज पसंद करने वाले 10 प्रतिशत बच्चे अगर जलेबियां पसंद करने लगें, तो भी उनकी गणना एक स्नैक्स पसंद करने वाले बच्चों में होगी।

अतः एक स्नैक्स पसंद करने वाले बच्चे $= 75 + 50 + 40$
$= 165$

अभीष्ट अंतर $= 165 - 6 = 159$

10. नीलिमा अपने घर से प्रारंभ करके उत्तर की ओर एक मंदिर में जाती है। उसके बाद वह बाएं मुड़कर, सीधे बराबर दूरी पर चलती है और बाजार से कुछ खरीददारी करती है। वह फिर से बाएं मुड़कर चलती हुई पुस्तकालय पहुंचने के लिए उतनी ही दूरी तय करती है, जितनी दूरी उसने घर से चलकर मंदिर को जाते हुए तय की थी। वह फिर से बाएं मुड़ती है और अपने घर पहुंचने तक चलती है। उसके रास्ते को किस आकार के बनने की संभावना हैं?

(a) गोलाकार

(b) समकोण

(c) त्रिभुजाकार

(d) अंडाकार

उत्तर—(b)



∵ नीलिमा जो पथ तय करती है वह पथ वर्गाकार होगा और वर्ग के सभी कोण समकोण होते हैं। अतः समकोण पथ बनेगा।

11. छः मित्र L, M, N, O, P एवं Q एक वृत्ताकार दायरे में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। सभी पड़ोसी अपने पड़ोसी से एक समान दूरी पर बैठे हैं। हर कोई किसी एक मित्र के एकदम सामने बैठा है। N न तो O के ठीक बगल बैठा है और न ही M के ठीक बगल बैठा है। L, O के सामने बैठा है। P, N के बाईं ओर बैठा है। N किनके बीच में बैठा है?

(a) Q एवं L (b) Q एवं P

(c) M एवं L (d) L एवं P

उत्तर—(d)

छः मित्रों का वृत्ताकार दायरे में बैठने का क्रम होगा—



चित्र से स्पष्ट है कि N, L एवं P के बीच में बैठा है।

12. एक गाय एक खेत में घास चरती हुई पूर्व दिशा की ओर चल रही है। फिर वह दाएं मुड़ती है और चलते हुए चरना भी जारी रखती है। जब वह चलना बंद करती है, तो वह अपने प्रथम स्थान से किस दिशा में होगी?

(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर-पश्चिम

(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पूर्व

उत्तर—(c)



चित्र से स्पष्ट है कि, गाय जब चलना बंद करती है, तो वह अपने प्रारंभिक बिंदु से दक्षिण-पूर्व दिशा में होगी।

13. छः मित्र A, B, C, D, E एवं F एक वृत्ताकार दायरे में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। सभी पड़ोसी अपने पड़ोसी से एक समान दूरी पर बैठे हैं। हर कोई किसी एक मित्र के एकदम सामने बैठा है। D न तो C के ठीक बगल बैठा है, A और F न ही उसके सामने बैठा है। और एक-दूसरे के सामने बैठे हैं। B, C के सामने बैठा है। D के सामने कौन बैठा है?

(a) E (b) A

(c) B (d) C

उत्तर—(a)

छः मित्रों को वृत्ताकार दायरे में प्रश्नानुसार बैठाने पर निम्न क्रम प्राप्त होगा-



चित्र से स्पष्ट है कि D के सामने E बैठा है।

नोट- प्रश्न-पत्र में अंग्रेजी भाषा में प्रश्न सही दिया गया है, जबकि हिंदी भाषा में प्रश्न त्रुटिपूर्ण है। अंग्रेजी भाषा के अनुसार व्याख्या सही है।

14. निम्नलिखित कथनों को सत्य मानें, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। ये ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं?

विवरण :

सभी अभिनेत्रियां सुंदर होती हैं।

निष्कर्ष :

(I) यदि A सुंदर है, तो वह अभिनेत्री होनी चाहिए।

(II) यदि A अभिनेत्री है, तो सुंदर होनी चाहिए।

(III) A भद्दी है, तो A अभिनेत्री होनी चाहिए।

(IV) अभिनय करने वाले भद्दे होते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) निष्कर्ष III एवं IV दोनों अनुसरण करते हैं।

(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

उत्तर—(b)

विवरण-सभी अभिनेत्रियां सुंदर होती हैं, से केवल निष्कर्ष (II) यदि A अभिनेत्री है, तो सुंदर होनी चाहिए ही निकल रहा है।

15. निम्नलिखित कथनों को सत्य मानें, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। ये ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं?

कथन :

चार्ली चौपलिन ने जितने भी फिल्मों में अभिनय किया, सब मूक फिल्म थे। उनके कुछ फिल्म एम.जी.एम. द्वारा बनाए गए थे।

निष्कर्ष :

(I) एम.जी.एम. केवल फिल्म बनाती है।

(II) चार्ली चैपलिन ने एम.जी.एम. द्वारा बनाए गए कुछ मूक फिल्मों में अभिनय किया था।

(III) एम.जी.एम. ने चार्ली चैपलिन के साथ बोलने (संवाद) वाले फिल्म बनाए।

(IV) सभी मूक फिल्म जिनमें चार्ली चैपलिन ने अभिनय किया, एम.जी.एम. द्वारा बनाए गए थे।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) निष्कर्ष III एवं IV दोनों अनुसरण करते हैं।

(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

उत्तर—(b)

दिए गए कथन से केवल निष्कर्ष (II) चार्ली चैपलिन ने एम.जी.एम. द्वारा बनाए गए कुछ मूक फिल्मों में अभिनय किया था, ही निकलता है।

16. निम्नलिखित कथनों को सत्य मानें, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। ये ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं।

कथन :

उस बेकरी के ज्यादातर केक महंगे हैं।

निष्कर्ष :

(I) उस बेकरी में कोई सस्ता केक नहीं है।

(II) उस बेकरी के सभी केक महंगे हैं।

(III) उस बेकरी में सस्ते केक भी हैं।

(IV) उस बेकरी में पलम केक महंगे हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

(d) केवल निष्कर्ष IV अनुसरण करता है।

उत्तर—(c)

दिए गए कथन ''उस बेकरी के ज्यादातर केक महंगे हैं'' से केवल निष्कर्ष (III) उस बेकरी में सस्ते केक भी हैं, ही निकल रहा है।

17. निम्नलिखित कथनों को सत्य मानें, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। ये ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं।

कथन :

अधिकांश महानगरीय घर तीन मंजिल से अधिक वाले भवनों में हैं। महानगरों के दो मंजिलों से अधिक वाले अधिकांश भवनों में लिफ्ट्स हैं।

निष्कर्ष :

(I) लिफ्ट्स वाले अधिकांश महानगरीय भवनों में घर हैं।

(II) तीन मंजिलों से अधिक वाले भवनों में अनेक महानगरीय घरों में लिफ्ट्स हैं।

(III) सभी महानगरीय घरों में लिफ्ट्स हैं।

(IV) केवल दो मंजिलों से अधिक वाले महानगरीय घरों में लिफ्ट्स हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

(d) केवल निष्कर्ष IV अनुसरण करता है।

उत्तर—(b)

दिए कथन से केवल निष्कर्ष (II) तीन मंजिलों से अधिक वाले भवनों में अनेक महानगरीय घरों में लिफ्ट्स हैं, ही निकलता है।

18. यदि शहद को चॉकलेट कहा जाता है; चॉकलेट को शुगर कहा जाता है। या शुगर को जॉय कहा जाता है और जॉय को स्वतंत्रता कहा जाता है, तो कोको बीन्स से निम्नलिखित में से क्या बनता है?

(a) चॉकलेट (b) शुगर

(c) शहद (d) जॉय

उत्तर—(b)

कोको बीन्स से चॉकलेट बनता है, लेकिन प्रश्न में चॉकलेट को शुगर कहा गया है। अतः कोको बीन्स से शुगर बनता है।

19. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वैसे-ही संबंधित है जैसे प्रथम शब्द, दूसरे शब्द से संबंधित है।

चौड़ा : संकीर्ण :: पैना : ?

(a) धारहीन (b) नुकीला

(c) चाकू (d) खुरदरा

उत्तर—(a)

जिस प्रकार चौड़ा का विपरीत संकीर्ण होता है, उसी प्रकार पैना का विपरीत धारहीन होगा।

20. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वैसे-ही संबंधित है जैसे प्रथम शब्द दूसरे शब्द से संबंधित है।

पक्षी : पक्षी वैज्ञानिक :: कीट :?

(a) पशु वैज्ञानिक (b) जीव वैज्ञानिक

(c) कीट वैज्ञानिक (d) मुद्रा वैज्ञानिक

उत्तर—(c)

जिस प्रकार पक्षियों के बारे में अध्ययन पक्षी वैज्ञानिक करते हैं, उसी प्रकार कीट के बारे में अध्ययन कीट वैज्ञानिक करते हैं।

21. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वैसे-ही संबंधित है जैसे प्रथम शब्द, दूसरे शब्द से संबंधित है।

दस : दशमलव :: दो :?

(a) सप्त (सैपटेट) (b) युग्मक (बाइनेरी)

(c) श्रीफल (क्विन्स) (d) चौरागा (क्वाटेट)

उत्तर—(b)

जिस प्रकार दस, दशमलव से संबंधित है उसी प्रकार दो, युग्मक (बाइनेरी) से संबंधित है।

22. यदि लाल को पीला कहा जाता है, पीला को हरा कहा जाता है, हरा को लाल कहा जाता है, तो ट्रैफिक सिग्नल पर निम्नलिखित में से कौन-सा रंग ''ठहरिए'' का संकेत देगा?

(a) लाल (b) हरा
(c) पीला (d) नीला

उत्तर—(c)

ट्रैफिक सिग्नल पर ''ठहरिए'' का संकेत लाल रंग देता है, लेकिन प्रश्न में लाल को पीला कहा गया है। अतः ''ठहरिए'' का संकेत पीला रंग देगा।

23. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वैसे-ही संबंधित है जैसे प्रथम शब्द, दूसरे शब्द से संबंधित है।
स्वरसमता : संगीतकार :: पुस्तक : ?

(a) प्रकाशक (b) लेखक
(c) मुद्रक (d) प्रायोजक

उत्तर—(b)

जिस प्रकार स्वरसमता, संगीतकार से संबंधित है, उसी प्रकार पुस्तक, लेखक से संबंधित है।

24. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वैसे-ही संबंधित है जैसे प्रथम शब्द दूसरे, शब्द से संबंधित है।
गड़बड़ : दोष : : प्रवेशक : ?

(a) भीड़भाड़ (b) मौन
(c) शांति (d) मार्गदर्शक

उत्तर—(d)

जिस प्रकार गड़बड़ संबंधित है दोष से, उसी प्रकार प्रवेशक संबंधित है मार्गदर्शक से।

25. यदि कैच को ड्रॉप कहा जाता है, ड्रॉप को थ्रो कहा जाता है, थ्रो को टॉस कहा जाता है, तो किसी को बॉल आगे बढ़ाने के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाएगा?

(a) ड्रॉप (b) टॉस
(c) कैच (d) पास

उत्तर—(b)

किसी बॉल को आगे बढ़ाने के लिए थ्रो किया जाता है, लेकिन प्रश्न में थ्रो को टॉस कहा गया है। अतः किसी बॉल को आगे बढ़ाने के लिए टॉस किया जाएगा।

26. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वैसे-ही संबंधित है जैसे प्रथम शब्द, दूसरे शब्द से संबंधित है।
बांसुरी वादक : बांसुरी :: सेलोवादक :?

(a) वायलिन (b) ड्रम्स
(c) मंजीरा (d) वायलनसेला

उत्तर—(d)

जिस प्रकार बांसुरी वादक, बांसुरी बजाता है उसी प्रकार सेलोवादक, वायलनसेला बजाता है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

27. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वैसे-ही संबंधित है जैसे प्रथम शब्द, दूसरे शब्द से संबंधित है।
सुवास : सुगंध : : शहद : ?

(a) तरल (b) मिठास
(c) भूरा (d) क्रिस्टल

उत्तर—(b)

जिस प्रकार सुवास में सुगंध होती है, उसी प्रकार शहद में मिठास होती है।

28. किसी कोड भाषा में RHYTHM को ISBGSN के रूप में कोड किया गया है, उस भाषा में DRUM को कैसे कोड किया जाएगा?

(a) WIJN (b) WIFN
(c) WONF (d) WEDN

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

R H Y T H M (वर्णमाला का सीधा क्रम)
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
I S B G S N (वर्णमाला का उल्टा क्रम)

उसी प्रकार

D R U M (वर्णमाला का सीधा क्रम)
↓ ↓ ↓ ↓
W I F N (वर्णमाला का उल्टा क्रम)

(वर्णमाला के सीधे क्रम और विपरीत क्रम का योग 27 होता है।)
अतः DRUM का कोड WIFN है।

29. किसी कोड भाषा में CAREERको XZIVVI के रूप में कोड किया गया है, उस भाषा में EXAM को कैसे कोड किया जाएगा?

(a) VCON (b) VCZN

(c) VBHI (d) VION

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

C A R E E R (वर्णमाला का सीधा क्रम)

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

X Z I V V I (वर्णमाला का उल्टा क्रम)

उसी प्रकार

E X A M (वर्णमाला का सीधा क्रम)

↓ ↓ ↓ ↓

V C Z N (वर्णमाला का उल्टा क्रम)

अत: EXAM का सही कोड VCZN है।

30. दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द नहीं बनाया जा सकता? हर अक्षर का प्रयोग उतनी ही बार किया जा सकता है, जितनी बार उनका प्रयोग शब्द में हुआ हो।

MUTATE

(a) Eat (b) Teat

(c) Mute (d) Meet

उत्तर—(d)

शब्द MUTATE के अक्षरों के प्रयोग से शब्द Eat, Teat तथा Mute बनाया जा सकता है, जबकि शब्द Meet नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि शब्द Meet में 'e' का दो बार प्रयोग हुआ है।

31. दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द नहीं बनाया जा सकता? हर अक्षर का प्रयोग उतनी ही बार किया जा सकता है, जितनी बार उनका प्रयोग शब्द में हुआ हो।

TERRIFY

(a) RIFT (b) FERRY

(c) TIER (d) FEET

उत्तर—(d)

दिए गए शब्द TERRIFY के अक्षरों के प्रयोग से शब्द RIFT, FERRY तथा TIER बनाए जा सकते हैं, जबकि शब्द FEET नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि FEET में अक्षर 'E' का प्रयोग दो बार किया गया है, परंतु मूल शब्द में 'E' एक ही बार प्रयुक्त हुआ है।

32. किसी कोड भाषा में FIGHT को EHFGS के रूप में कोड किया गया है, उस भाषा में PIECE को कैसे कोड किया जाएगा?

(a) OHFED (b) OHEBD

(c) OHDBD (d) OHDED

उत्तर—(c)

जिस प्रकार

F I G H T

−1↓ −1↓ −1↓ −1↓ −1↓

E H F G S

उसी प्रकार

P I E C E

−1↓ −1↓ −1↓ −1↓ −1↓

O H D B D

अत: PIECE का कोड OHDBD है।

33. किसी कोड भाषा में CHILD को EJKNF के रूप में कोड किया गया है, उस भाषा में PARENT को कैसे कोड किया जाएगा?

(a) RIUTVC (b) RCTGPV

(c) RCTVPG (d) RCIOTC

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

C H I L D

+2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓

E J K N F

उसी प्रकार

P A R E N T

+2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓

R C T G P V

अत: PARENT का सही कोड RCTGPV है।

34. निम्नलिखित संख्याओं का कौन-सा जोड़ा अन्य से भिन्न है?

(A) 5, 125 (B) 4, 32

(C) 3, 27 (D) 2, 8

(a) (A) (b) (B)

(c) (C) (d) (D)

उत्तर—(b)

$5 \Rightarrow 5^3 = 125$

$3 \Rightarrow 3^3 = 27$

$2 \Rightarrow 2^3 = 8$

जबकि

$4 \Rightarrow 4^3 = 64 \neq 32$

अत: विकल्प (b) अन्य से भिन्न है।

35. किसी कोड भाषा में PAIR को 1234 के रूप में, LAIR को 5234 के रूप में, LIMP को 5396 के रूप में कोड किया गया है, उस भाषा में I अक्षर के लिए क्या कोड होगा?

(a) 1 (b) 3

(c) 9 (d) 6

उत्तर—(b)

प्रश्नानुसार, सभी शब्दों का कोड लिखने पर-

P A (I) R, L A (I) R तथा L (I) M P

1 2 (3) 4 5 2 (3) 4 5 (3) 9 6

अत: I अक्षर के लिए सही कोड '3' है।

36. नीचे दी गई शृंखला में खाली स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

1, 8, 27, 64, 125, —, 343

(a) 216 (b) 225

(c) 250 (d) 206

उत्तर—(a)

शृंखला निम्नवत है–

1, 8, 27, 64, 125, —, 343

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

$(1)^3$, $(2)^3$, $(3)^3$, $(4)^3$, $(5)^3$, $(6)^3$, $(7)^3$,

$\Rightarrow 6^3 = 6 \times 6 \times 6 = 216$

अत: रिक्त स्थान पर 216 होगा।

37. यदि '+' को '÷' में बदला जाता है, '–' को '×' में बदला जाता है, '÷' को '–' में, और '×' को '+' में बदला जाता है तो नीचे दिए गए व्यंजक का मान क्या होगा?

$65 - 10 + 5 \div 3 \times 4 = ?$

(a) 12 (b) 110

(c) 131 (d) 9

उत्तर—(c)

दिया है $65 - 10 + 5 \div 3 \times 4 = ?$

प्रश्नानुसार गणितीय संक्रिया का मान रखने पर

$65 \times 10 \div 5 - 3 + 4$

$= 65 \times 2 - 3 + 4$

$= 130 - 3 + 4$

$= 131$

38. निम्नलिखित संख्याओं का कौन-सा जोड़ा अन्य से भिन्न है?

(A) 1, 2 (B) 5, 24

(C) 7, 50 (D) 6, 35

(a) A (b) C

(c) B (d) D

उत्तर—(b)

दी गई संख्याओं को निम्न प्रकार लिखा जा सकता है-

(A) से $(1, 2) \Rightarrow 1 + 2 = 3$

(B) से $(5, 24) \Rightarrow 5 + 24 = 29$

(C) से $(7, 50) \Rightarrow 7 + 50 = 57$

(D) से $(6, 35) \Rightarrow 6 + 35 = 41$

$\therefore$ (C) में दी गई संख्या का योग '57' एक भाज्य संख्या है, जबकि (A), (B) तथा (D) में दी गई संख्याओं का योग एक अभाज्य संख्याएं है। अत: विकल्प (b) अन्य से भिन्न है।

39. नीचे दिए गए समीकरणों को एक निश्चित प्रणाली के आधार पर हल किया गया है। उसी प्रणाली के आधार पर नीचे दिए गए अनसुलझे समीकरण के लिए चार विकल्पों में से सही उत्तर का पता लगाएं।

$45 - 25 = 2$

$78 - 45 = 3$

$61 - 40 = ?$

(a) 1 (b) 5

(c) 2 (d) 6

उत्तर—(c)

जिस प्रकार

$45 - 25 = \underline{2}0$ (दहाई अंक)

$78 - 45 = \underline{3}3$ (दहाई अंक)

उसी प्रकार

$61 - 40 = \underline{2}1$ (दहाई अंक)

अत: विकल्प (c) सही है।

निर्देश (प्रश्न 40-46)- नीचे दिया गया चार्ट पिछले वर्षों में विभिन्न अनाजों के उत्पादन को सौ टन में प्रदर्शित करता है। दी गई जानकारी का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।



40. दो विभिन्न वर्षो में कौन-सी फसलों का उत्पादन एकसमान मात्रा में हुआ?

(a) चावल और ज्वार

(b) ज्वार और मक्का

(c) चावल और मक्का

(d) चावल, मक्का और ज्वार

उत्तर—(c)

चार्ट से स्पष्ट है कि वर्ष 2004 में 'मक्के' का उत्पादन वर्ष 2005 में 'चावल' के उत्पादन के बराबर है।

41. किसी भी फसल के निम्नतम और उच्चतम उत्पादन के बीच मात्रा का अंतर करीब-करीब कितना है?

(a) 10 टन (b) 8 टन

(c) 800 टन (d) 10,000 टन

उत्तर—(c)

वर्ष 2006 में मक्का का उत्पादन (निम्नतम) = 100 टन

वर्ष 2007 में मक्का का उत्पादन (उच्चतम) = 900 टन

$\therefore$ अभीष्ट अंतर = 900 – 100 = 800 टन

42. 2004 से 2007 के बीच चावल उत्पादन के आंकड़े यह दर्शाते हैं-

(a) 5% की कमी (b) 55% की कमी

(c) 55% की वृद्धि (d) 5% की वृद्धि

उत्तर—(b)

2004 में चावल का उत्पादन = 900 टन

2007 में चावल का उत्पादन = 400 टन

अत: उत्पादन में कमी हो रही है

$$\therefore \text{ अभीष्ट कमी} = \frac{900-400}{900} \times 100\%$$

$$= \frac{500}{9}\% = 55.5\%$$

अत: लगभग 55% की कमी।

43. मक्का के उत्पादन में किस वर्ष में तीन गुणा वृद्धि हुई है?

(a) 2005 (b) 2004

(c) 2006 (d) 2007

उत्तर—(a)

वर्ष 2004 में मक्के का उत्पादन = 300 टन

वर्ष 2005 में मक्के का उत्पादन = 900 टन

अत: वर्ष 2005 में मक्का के उत्पादन में तीन गुना वृद्धि हुई।

44. किस वर्ष में सभी तीनों फसलों के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है?

(a) 2004 (b) 2005

(c) 2007 (d) 2006

उत्तर—(c)

ग्राफ से स्पष्ट कि वर्ष 2007 में पिछले वर्ष (2006) की तुलना में तीनों फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई।

45. किस वर्ष में ज्वार का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना हो गया था?

(a) 2006 (b) 2007

(c) 2004 (d) 2005

उत्तर—(d)

वर्ष 2004 में ज्वार का उत्पादन = 450 टन

वर्ष 2005 में ज्वार का उत्पादन = 950 टन

वर्ष 2004 की तुलना में वर्ष 2005 में उत्पादन = $\frac{950}{450}$

= 2 गुना (लगभग)

46. किस वर्ष, किस फसल के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में सबसे अधिक गिरावट आई?

(a) 2007 में ज्वार (b) 2006 में मक्का

(c) 2005 में चावल (d) 2006 में ज्वार

उत्तर—(b)

चार्ट से स्पष्ट है कि 2006 में मक्का के उत्पादन में वर्ष 2005 की तुलना में सबसे अधिक गिरावट आई।

निर्देश (प्रश्न 47-50)- नीचे दिया गया पाई चार्ट विद्यालय के 300 बच्चों द्वारा बताए गए सबसे अधिक पसंदीदा लेखक के आंकड़ों को प्रस्तुत करता है। दी गई जानकारी को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।



47. कितने प्रतिशत बच्चों ने 'एनिड ब्लाईटन' को अपना पसंदीदा लेखक बताया है?

(a) 10% (b) 16.6%

(c) 12.4% (d) 9%

उत्तर—(b)

सर्वेक्षण में शामिल बच्चों की कुल संख्या = 300

ऐसे बच्चे जो एनिड ब्लाईटन को पसंद करते है = 50

∴ एनिड ब्लाईटन को पसंद करने वाले बच्चों की अभीष्ट प्रतिशतता

$$= \frac{50}{300} \times 100$$

$$= \frac{100}{6} = 16.6\%$$

अतः विकल्प (b) सही है।

48. जे.के. रोलिंग को पसंद करने वाले बच्चों की संख्या की तुलना में कितने अधिक बच्चे एनिड ब्लाईटन और रस्किन बॉन्ड को पसंद करते हैं?

(a) 10 (b) 20

(c) 1 (d) 5

उत्तर—(b)

जे.के. रोलिंग को पसंद करने वाले बच्चों की संख्या = 110

एनिड ब्लाईटन और रस्किन बॉन्ड को पसंद करने वाले बच्चों की कुल संख्या = 50 + 80

= 130

∴ अभीष्ट अंतर = 130 – 110

= 20

अतः विकल्प (b) सही है।

49. यदि एनिड ब्लाईटन को पसंद करने वाले 1/5 बच्चे इस सर्वेक्षण से बाहर निकलने का निर्णय लेते हैं तो एनिड ब्लाईटन को पसंद करने वाले बच्चों का नया प्रतिशत क्या होगा?

(a) 13.79% (b) 11.4%

(c) 10% (d) 9%

उत्तर—(a)

एनिड ब्लाईटन को पसंद करने वाले ऐसे बच्चे जो सर्वेक्षण से बाहर हो जाते हैं $= \frac{50}{5} = 10$

∴ एनिड ब्लाईटन को पसंद करने वाले शेष बच्चों की संख्या

$= 50 - 10 = 40$

एनिड ब्लाईटन को पसंद करने वाले बच्चों की अभीष्ट प्रतिशतता

$$= \frac{40}{300-10} \times 100$$

$$= \frac{40}{290} \times 100$$

$$= \frac{400}{29} = 13.79\%$$

अतः विकल्प (a) सही है।

50. यदि जे.के. रोलिंग को अपना पसंदीदा लेखक बताने वाले 10% बच्चे रोल्ड डाहल के पक्ष में अपनी पसंद बदल लेते हैं, तो रोल्ड डाहल को पसंद करने वले बच्चों का नया प्रतिशत क्या होगा?

(a) 17.14% (b) 71%

(c) 23.6% (d) 20%

उत्तर—(c)

जे.के. रोलिंग को पसंद करने वाले बच्चों की संख्या = 110

∵ 10% बच्चे रोल्ड डाहल के पक्ष में अपनी पसंद बदल देते है।

∴ रोल्ड डाहल को पसंद करने वाले बच्चों की नई संख्या

$$= 110 \times \frac{10}{100} + 60$$

$$= 11 + 60 = 71$$

∴ रोल्ड डाहल को पसंद करने वाले बच्चों की अभीष्ट प्रतिशतता

$$= \frac{71}{300} \times 100 = 23.6\%$$

अतः विकल्प (c) सही है।

सामान्य ज्ञान

51. लखनऊ में.....क्षेत्रीय केंद्र, प्रिंटमेकिंग, मूर्तिकला, मिट्टी के बरतन और चित्रकला के विषयों में कलाकारों को कार्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।

(a) जवाहर कला

(b) ललित कला अकादमी

(c) वास्तु कला

(d) कोरी कला

उत्तर—(b)

ललित कला अकादमी की स्थापना 5 अगस्त, 1954 को नई दिल्ली में की गई थी। अकादमी के क्षेत्रीय केंद्र- दिल्ली, चेन्नई भुवनेश्वर, कोलकाता तथा लखनऊ में हैं। लखनऊ स्थित ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय केंद्र को प्रिंट मेकिंग, मूर्तिकला, मिट्टी के बर्तन और चित्रकला के विषयों में कलाकारों को कार्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया।

52. बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बी.सी.सी.आई.) ने भारत में.....क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यू.एन. इन्वायरमेंट के साथ एक आशय पत्र (एल.ओ.आई.) पर हस्ताक्षर किए हैं।

(a) सुरक्षित (b) हरा
(c) लाल (d) सफेद

उत्तर—(b)

बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बी.सी.सी.आई.) ने भारत में हरा क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यू.एन. इन्वायरमेंट के साथ एक आशय पत्र (एल.ओ.आई.) पर हस्ताक्षर किए हैं। यू.एन. इन्वायरमेंट की स्थापना जून, 1972 में की गई थी।

53. नई दिल्ली में आयोजित 52वें स्कॉच सम्मेलन में ई-गवर्नेंस में उनके उल्लेखनीय काम के लिए निम्नलिखित में से किसको 'चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिया गया?

(a) शीला दीक्षित (b) सुषमा स्वराज
(c) उमा भारती (d) वसुंधरा राजे

उत्तर—(d)

राजस्थान की तत्कालीन मुख्यमंत्री वसंधुरा राजे को नई दिल्ली में आयोजित 52वें स्कॉच सम्मेलन में ई-गवर्नेंस में उनके उल्लेखनीय काम के लिए 'चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया। ध्यातव्य है कि वर्तमान में अशोक गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं।

54. जून, 2018 में तुर्की के राष्ट्रपति .....फिर से चुनाव में जीते और अब तुर्की के इतिहास में सबसे शक्तिशाली राष्ट्रपति हैं।

(a) सेलहट्टीन डेमिर्ट्स (b) रिसप तैय्यप इर्दोगन
(c) मुहर्रम इन्स (d) कुंदुल्लाह फिदान

उत्तर—(b)

रिसप तैय्यप इर्दोगन को जून, 2018 में तुर्की के चुनाव में राष्ट्रपति चुना गया। इर्दोगन ने वर्ष 2003 से 2014 तक तुर्की के प्रधानमंत्री के रूप में तथा 1994 से 1998 तक इस्तॉबुल के मेयर के रूप में कार्य किए।

55. भारतीय राष्ट्रवाद के पहले या प्रारंभिक चरण को.....चरण (1885-1905) भी कहा जाता है।

(a) अंतिम (b) आरंभिक
(c) मध्यम (d) संकटपूर्ण

उत्तर—(c)

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को तीन भागों में बांटा गया है– (i) प्रारंभिक चरण/उदारवादी चरण/मध्यम चरण (1885-1905) (ii) उग्रवादी चरण (1905-1920) (iii) गांधीवादी चरण (1920-1947)

56. महात्मा गांधी ने सत्याग्रह सभा की स्थापना.....में की थी।

(a) दिसंबर, 1920
(b) मार्च, 1918
(c) फरवरी, 1919
(d) अप्रैल, 1921

उत्तर—(c)

गांधीजी ने फरवरी, 1919 में प्रस्तावित रौलेट एक्ट के विरोध में देशव्यापी आंदोलन का आह्वान किया, तथा एक 'सत्याग्रह सभा' गठित की गई। सत्याग्रह 6 अप्रैल, 1919 को होने वाला था, किंतु तारीख की गलतफहमी के कारण सत्याग्रह प्रारंभ होने से पहले ही आंदोलन ने हिंसक रूप धारण कर लिया। तत्पश्चात 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग कांड का घिनौना रूप सामने आया।

57. ..... भारत में राजनीतिक सुधारों के लिए आंदोलन शुरू करने वाले पहले भारतीय नेता थे।

(a) सुब्रमण्या अय्यर
(b) राजा राममोहन राय
(c) आनंद चरलू
(d) महात्मा गांधी

उत्तर—(b)

भारत में राजनीतिक सुधारों के लिए आंदोलन शुरू करने वाले पहले भारतीय नेता राजा राममोहन राय थे। 1823 ई. में एडम्स के प्रेस अध्यादेश से प्रेस की स्वतंत्रता का हनन हुआ, विरोध स्वरूप राजा राममोहन राय ने कुछ अन्य लोगों के साथ उच्चतम न्यायालय में वाद दायर किए। वर्ष 1927 के जूरी एक्ट का भी इन्होंने विरोध किया, जिसमें धार्मिक आधार पर हिंदुओं और मुसलमानों में विभेद किया गया था।

58. सिनेमा में इंडो-फ्रांसीसी संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए फ्रांसीसी सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस अभिनेता को चेवलियर डी. एल. ऑर्डे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस (Knight of the order of Arts and Letters) से सम्मानित किया गया है?

(a) कंगना रनौत
(b) कल्कि कोचलिन
(c) प्रियंका चोपड़ा
(d) दीपिका पादुकोन

उत्तर—(b)

बॉलीवुड अभिनेत्री कल्कि कोचलिन को फ्रांसीसी सरकार द्वारा चेवलियर डी. एल. ऑड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस (Knight of the order of Arts and Letters) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में इंडो-फ्रांसीसी संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए दिया गया।

59. 28 दिसंबर, 1885 को, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई.एन.सी.) की स्थापना गोकुलदास तेजपाल संस्कृत स्कूल के परिसर में, ...में हुई थी।

(a) दिल्ली (b) बंबई
(c) कलकत्ता (d) मद्रास

उत्तर—(b)

1884 ई. में एक सेवानिवृत्त अंग्रेज अधिकारी ए.ओ.ह्यूम के प्रयत्नों से एक संस्था 'इंडियन नेशनल यूनियन की स्थापना की गई। इस यूनियन ने पूना में 1885 ई. में राष्ट्र के विभिन्न प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया, लेकिन पूना में हैजा फैल जाने से उसी वर्ष यह सम्मेलन बंबई में आयोजित किया गया। गोकुलदास तेजपाल संस्कृत स्कूल बंबई में 28 दिसंबर, 1885 को 'इंडियन नेशनल यूनियन' का पहला अधिवेशन हुआ। इसी सम्मेलन में दादा भाई नौरोजी के सुझाव पर इस संगठन का नाम बदलकर 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' कर दिया गया।

60. 1917 का ..... सत्याग्रह महात्मा गांधी का पहला सत्याग्रह था और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक बड़ा विद्रोह था।

(a) खेड़ा
(b) भारत छोड़ो
(c) नागरिक अवज्ञा
(d) चंपारण

उत्तर—(d)

19 अप्रैल, 1917 को बिहार के चंपारण में किसानों के हक के लिए शुरू किया गया सत्याग्रह भारत में महात्मा गांधी का पहला सत्याग्रह था। इस सत्याग्रह से महात्मा गांधी सहित ब्रज किशोर प्रसाद, राजकुमार शुक्ल, संत राउत, राजेंद्र प्रसाद, नारायण सिन्हा, रामनवमी प्रसाद, आचार्य कृपलानी, डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह, महादेव देसाई तथा नरहरि पारीध आदि जुड़े थे।

61. भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान.....अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ सक्रिय खिलाड़ियों के बीच सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।

(a) सुब्रत पाल (b) सुनील छेत्री
(c) बाइचुंग भूटिया (d) गुरप्रीत सिंह

उत्तर—(b)

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और खिलाड़ी सुनील छेत्री ने इंटरकॉन्टिनेटल कप के फाइनल में कीनिया के खिलाफ दो गोल कर अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनल मेस्सी के 64 गोल की बराबरी कर ली। सुनील छेत्री और मेस्सी सर्वाधिक गोल करने के मामले में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर थे। परंतु जनवरी, 2019 में संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए एशिया कप के मुकाबले में भारत ने थाईलैंड की टीम को हराकर 55 वर्ष बाद जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सुनील छेत्री 67 गोल के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हो गए तथा मेस्सी को उन्होंने पछाड़ दिया। प्रथम स्थान पर 85 गोल करने वाले पुर्तगाली फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं।

62. हरियाणा विधानसभा ने सर्वसम्मति से आपराधिक कानून (हरियाणा संशोधन), 2018 विधेयक पारित किया, जो .....साल या उससे कम उम्र की लड़कियों से बलात्कार के दोषी पाए गए अभियुक्तों के लिए मौत की सजा का प्रावधान करता है।

(a) 13 (b) 12
(c) 14 (d) 15

उत्तर—(b)

हरियाणा विधानसभा द्वारा पारित किया गया विधेयक आपराधिक कानून (हरियाणा संशोधन), 2018 के अंतर्गत 12 साल या उससे कम उम्र की लड़की से बलात्कार का दोषी पाए गए अभियुक्त के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। ऐसा प्रावधान करने वाला, मध्य प्रदेश और राजस्थान के बाद हरियाणा तीसरा राज्य बन गया है।

63. 1866 में, भारत के संदर्भ में चर्चा करने और भारतीय कल्याण को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटिश सार्वजनिक अधिकारियों को प्रभावित करने के लिए लंदन में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन का आयोजन किसने किया?

(a) दादाभाई नौरोजी
(b) महात्मा गांधी
(c) बिपिन चंद्र
(d) जवाहरलाल नेहरू

उत्तर—(a)

1866 ई. में लंदन में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन का गठन दादाभाई नौरोजी द्वारा किया गया। दादाभाई नौरोजी को 'ग्रैण्ड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है। 1886 व 1906 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए थे।

64. वैश्विक कपास उत्पादन में भारत का हिस्सा ..... से अधिक है।

(a) एक तिहाई (b) एक पांचवां
(c) आधा (d) एक चौथाई

उत्तर—(*)

दिए गए प्रश्न के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण में भिन्नता है। अंग्रेजी संस्करण में वैश्विक कपास क्षेत्रफल में भारत का हिस्सा (India accounts for over.....of the global cotton area) पूछा जा रहा है, जबकि हिंदी संस्करण में उत्पादन में।
ज्ञातव्य है कि कपास उत्पादन में लगभग एक-चौथाई हिस्सेदारी के साथ भारत का विश्व में पहला स्थान है और विश्व के एक-तिहाई से अधिक क्षेत्रफल में भारत कपास की पैदावार करता है। आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) को माना है।

65. भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में कृषि योगदान लगभग.....प्रतिशत है।

(a) 38 (b) 35
(c) 25 (d) 15

उत्तर—(*)

कृषि क्षेत्र में देश की लगभग आधी (53%) श्रम शक्ति कार्यरत है। जबकि GDP में इसका योगदान 17.5% (2015-16 के मौजूदा मूल्यों पर) तथा 15.4% (2015-16 के स्थिर मूल्यों पर) है। 1950 के दशक में GDP में कृषि क्षेत्र का योगदान 50% था। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का 53.66% तथा औद्योगिक क्षेत्र का 31% योगदान है। आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) को माना है।

66. इनमें से कौन-सा भारत में कृषि विपणन के मुख्य दोषों में से एक नहीं है?

(a) भंडारण सुविधा की कमी
(b) परिवहन की कमी
(c) अनुकूल मंडी
(d) मार्केट इंटेलिजेंस की कमी

उत्तर—(c)

भंडारण की सुविधा की कमी, परिवहन की कमी तथा मार्केट इंटेलिजेंस की कमी कृषि विपणन के मुख्य दोषों में शामिल हैं, जबकि अनुकूल मंडी कृषि विपणन के लिए लाभकारी है।

67. उत्तर प्रदेश की भौगोलिक सीमा सर्वाधिक राज्यों को स्पर्श करती है। निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य इनमें शामिल नहीं है?

(a) उत्तराखंड (b) ओडिशा
(c) मध्य प्रदेश (d) झारखंड

उत्तर—(b)

उत्तर प्रदेश की सीमा केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली सहित 9 राज्यों को स्पर्श करती है। ये हैं-हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार एवं उत्तराखंड। सबसे लंबी सीमा मध्य-प्रदेश तथा न्यूनतम सीमा रेखा हिमाचल प्रदेश को स्पर्श करती है।

68. .....झील भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है। यह भारत की सबसे बड़ी झील भी है।

(a) डल (b) चिल्का
(c) वूलर (d) डीडवाना

उत्तर—(b)

चिल्का झील भारत तथा एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील हैं। यह ओडिशा में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 916 वर्ग किमी. है।

69. .....मिट्टी भारत में सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है।

(a) लाल (b) काली
(c) जलोढ़ (d) लेटराइट

उत्तर—(c)

जलोढ़ मिट्टी देश के 40 प्रतिशत भागों के लगभग 15 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है। इस मिट्टी में पोटाश, फॉस्फोरिक एसिड, चूना और जैव पदार्थों की अधिकता होती है, परंतु इसमें नाइट्रोजन और ह्यूमस पदार्थों की कमी होती है।

70. किस शहर को स्टील सिटी ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है?

(a) मुंबई (b) कोलकाता

(c) कोच्चि (d) जमशेदपुर

उत्तर–(d)

झारखंड राज्य में स्थित जमशेदपुर को स्टील सिटी ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है। जमशेदपुर स्वर्ण रेखा और खरकई नदी के मध्य अवस्थित है।

71. मुंबई में आयोजित एक समारोह में किस हस्ती को 2017 के हृदयनाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) शशि कपूर (b) अमिताभ बच्चन

(c) ए.आर. रहमान (d) जावेद अख्तर

उत्तर–(d)

मशहूर लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को 2017 के हृदय नाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2018 का यह पुरस्कार जहूर खय्याम हाशमी (खय्याम नाम से प्रसिद्ध) को प्रदान किया गया।

72. भारत में.....अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं।

(a) 17 (b) 12

(c) 9 (d) 7

उत्तर–(a)

भारत में वर्तमान में 17 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। वर्ष 1928 में स्थापित 'जुहू एयरोड्रोम' भारत में प्रथम एयरपोर्ट था जो जुहू (मुंबई) में स्थित था।

73. गतिमान एक्सप्रेस एक सेमी हाई स्पीड ट्रेन है, जो नई दिल्ली और आगरा के बीच अधिकतम .....किमी. प्रति घंटे की गति से चलती है।

(a) 120 (b) 140

(c) 130 (d) 160

उत्तर–(d)

नई दिल्ली और आगरा के बीच चलने वाली 'गतिमान एक्सप्रेस' की अधिकतम गति 160 किमी. प्रति घंटा है।

74. इनमें से कौन-सी नदी भारत में पश्चिम दिशा में बहती नदी नहीं है?

(a) नर्मदा (b) साबरमती

(c) लूणी (d) कृष्णा

उत्तर–(d)

नर्मदा, ताप्ती, माही, साबरमती तथा लूणी पश्चिम दिशा में बहने वाली नदियां हैं। कृष्णा नदी महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट में महाबलेश्वर से निकलकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है, कृष्णा नदी पूर्व दिशा में बहने वाली नदी है।

75. भारत में लगभग ..... प्रमुख बंदरगाह हैं।

(a) 11 (b) 18

(c) 15 (d) 12

उत्तर–(d)

भारत में लगभग 12 प्रमुख बंदरगाह हैं, जो इस प्रकार हैं–1. कोलकाता, 2. पारादीप, 3. विशाखापत्तनम, 4. चेन्नई, 5. तूतीकोरिन, 6. कोचीन, 7. न्यू मंगलोर, 8. मर्मूगाओ, 9. मुंबई, 10. जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (न्हावाशेवा), 11. एन्नौर 12. कांडला पोर्ट।

76. भारत का संविधान, संविधान सभा, द्वारा .....में अपनाया गया था और 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था।

(a) 29 अक्टूबर, 1949 (b) 22 दिसंबर, 1949

(c) 26 नवंबर, 1949 (d) 3 जनवरी, 1950

उत्तर–(c)

भारत का संविधान, संविधान सभा के ग्यारहवें अधिवेशन में 26 नवंबर, 1949 को (संविधान सभा द्वारा) अपनाया गया था तथा पूर्ण रूप से 26 जनवरी, 1950 से क्रियान्वित हुआ।

77. प्रतिवर्ष भारत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस (दिन)..... को मनाया जाता है। यह दिन संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम 1992 के जारी होने का प्रतीक है।

(a) 26 जून (b) 24 अप्रैल

(c) 12 अगस्त (d) 23 सितंबर

उत्तर–(b)

प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को भारत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम 1992 के जारी होने का प्रतीक है। पंचायती राज व्यवस्था का उद्घाटन पं. जवाहरलाल नेहरू ने 2 अक्टूबर, 1959 को नागौर (राजस्थान) में किया था।

78. भारत के संविधान की.....अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में प्रावधान हैं।

(a) पांचवीं (b) दसवीं

(c) छठीं (d) चौथी

उत्तर–(c)

भारतीय संविधान की छठीं अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में प्रावधान है। पांचवीं अनुसूची का संबंध अनुसूचित क्षेत्रों तथा अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन व नियंत्रण से संबंधित है। चौथी अनुसूची का संबंध भारत के राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों (दिल्ली व पुडुचेरी) के राज्य सभा में प्रतिनिधित्व के विवरण से है, जबकि दसवीं अनुसूची का संबंध दल परिवर्तन से है।

79. 73वें संविधान संशोधन, 1992 के द्वारा भारतीय संविधान में.....शीर्षक से एक परिच्छेद IX जोड़ा गया जो अनुच्छेद 243 से 243(O) के प्रावधान कवर करता है।

(a) अल्पसंख्यक (b) न्यायपालिका

(c) पंचायत (d) सदन

उत्तर—(c)

73वें संविधान संशोधन 1992 के द्वारा भारतीय संविधान में 'पंचायत' शीर्षक से एक परिच्छेद IX जोड़ा गया, जो अनुच्छेद 243 से 243(O) के प्रावधानों को कवर करता है। पंचायती राज लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की व्यवस्था है।

80. भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और स्थानों और वस्तुओं की सुरक्षा से संबंधित है?

(a) अनुच्छेद 48 (b) अनुच्छेद 48A

(c) अनुच्छेद 49 (d) अनुच्छेद 50

उत्तर—(c)

भारत के संविधान के अनुच्छेद 49 का संबंध राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और स्थानों और वस्तुओं की सुरक्षा से है। अनुच्छेद 48 दुधारू और वाहक मवेशियों के वध का प्रतिषेध, अनुच्छेद 48 (A) पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन तथा वन एवं वन्य जीवों की रक्षा। तथा अनुच्छेद 50 न्यायपालिका व कार्यपालिका के पृथक्करण से संबंधित है।

81. महात्मा गांधी ने.....अर्थव्यवस्था की वकालत की।

(a) स्थानीय (b) केंद्रीकृत

(c) विकेंद्रीकृत (d) ग्लोबल

उत्तर—(c)

महात्मा गांधी ने विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था की वकालत की थी। उनका मानना था कि गांवों के विकास से ही देश का विकास संभव है यही कारण है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए वे कुटीर उद्योगों पर जोर देते थे।

82. महात्मा गांधी के लिए, ... ''भारतीय मानवता की एकता, इसकी आर्थिक स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक'' था।

(a) खादी (b) पहिया

(c) नमक (d) धागा

उत्तर—(a)

महात्मा गांधी के लिए, खादी ''भारतीय मानवता की एकता, इसकी आर्थिक स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक था।

83. इनमें से कौन-सा भारत में बैंकिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधारों में से एक नहीं है?

(a) घटी हुई सी.आर.आर. और एस.एल.आर.

(b) ब्याज दर का विनियमन

(c) नई पीढ़ी बैंक

(d) वर्धित एस.एल.आर.

उत्तर—(d)

वर्धित एस.एल.आर. भारत में बैंकिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधारों में शामिल नहीं किया जाता है। अन्य सभी विकल्प बैंकिंग सुधारों के अंतर्गत शामिल किए जाते हैं।

84. वन विभाग के सर्वेक्षण के मुताबिक, भारत का वास्तविक वन कवर भौगोलिक क्षेत्र का ..... है।

(a) 17.23% (b) 18.5%

(c) 21.54% (d) 20.67%

उत्तर—(c)

वन स्थिति रिपोर्ट, 2017 (15वीं रिपोर्ट) के अनुसार देश में कुल वनावरण 70.83 मिलियन हेक्टेयर (708,273 वर्ग किमी.) है। कुल वनावरण देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.54 प्रतिशत है।

85. .....केंद्रीय प्रक्रमण इकाई (CPU) और मुख स्मृति के बीच एक बफर के रूप में कार्य करता है।

(a) प्राथमिक स्मृति

(b) कैश स्मृति

(c) माध्यमिक स्मृति

(d) यादृच्छिक अभिगम स्मृति (RAM)

उत्तर—(b)

कैश स्मृति केंद्रीय प्रक्रमण इकाई (CPU) और मुख्य स्मृति (RAM) के बीच एक बफर के रूप में कार्य करता है। यहां बार-बार प्रयोग में आने वाला डाटा और निर्देशों को संग्रहीत किया जाता है। कैश मेमोरी की गति तीव्र होने के कारण प्रोसेसर की गति में वृद्धि होती है।

86. उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में ''..... सुधार के लिए महत्वपूर्ण ढांचा'' विकसित करने का कदम उठाया है।

(a) विद्यालय शिक्षा (b) पर्यावरण संरक्षण

(c) सड़क सुरक्षा (d) सबके लिए बिजली

उत्तर—(a)

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में 'विद्यालय शिक्षा में सुधार के लिए महत्वपूर्ण ढांचा'' विकसित करने का कदम उठाया है।

87. उत्तर प्रदेश के ..... में बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया और अपने कार्यविधि की नींव रखी।

(a) कुशीनगर (b) संकिशा

(c) सारनाथ (d) श्रावस्ती

उत्तर—(c)

उत्तर प्रदेश के सारनाथ में बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया और अपने कार्यविधि की नींव रखी। गौतम बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के उपरांत सर्वप्रथम ऋषिपत्तन (वर्तमान सारनाथ, वाराणसी) पहुंचे। यहां उन्होंने पांच ब्राह्मण संन्यासियों को सर्वप्रथम उपदेश दिया। इस प्रथम उपदेश को धर्मचक्रप्रवर्तन कहा जाता है।

88. जनवरी, 1858 में लॉर्ड कैनिंग.....तक चले गए और दिल्ली डिवीजन को छोड़कर उत्तरी-पश्चिमी प्रांत का गठन किया।

(a) अहमदाबाद (b) इलाहाबाद

(c) भुवनेश्वर (d) त्रावणकोर

उत्तर—(b)

जनवरी, 1858 में लॉर्ड कैनिंग इलाहाबाद चले गए और दिल्ली डिवीजन को छोड़कर उत्तरी-पश्चिमी प्रांत का गठन किया। 1857 के विद्रोह के समय लॉर्ड कैनिंग ही भारत का गवर्नर जनरल था।

89. ..... को उत्तर प्रदेश के हिमालयी पहाड़ी क्षेत्र में उत्तराखंड नामक एक नया राज्य अस्तित्व में आया।

(a) 7 दिसंबर, 1999 (b) 9 नवंबर, 2000

(c) 23 अक्टूबर, 2000 (d) 4 मार्च, 2000

उत्तर—(b)

9 नवंबर, 2000 को उत्तर प्रदेश के हिमालयी पहाड़ी क्षेत्र में उत्तराखंड (उत्तरांचल नाम से गठन किया गया था) नामक एक नया राज्य अस्तित्व में आया।

90. ..... उत्तर प्रदेश के सबसे शानदार लोक नृत्यों में से एक है। इस शैली में एक मुश्किल संतुलन नृत्य शामिल है जिसमें एक घूंघट काढ़े महिला नर्तकी सिर पर लकड़ी के पिरामिड के मंच पर एक साथ 108 लैंप रख कर नृत्य करती है।

(a) रासलीला (b) रामलीला

(c) खयाल (d) चारकुला

उत्तर—(d)

चारकुला, उत्तर प्रदेश के सबसे शानदार लोक नृत्यों में से एक है। इस शैली में एक मुश्किल संतुलन नृत्य शामिल है, जिसमें एक घूंघट काढ़े महिला नर्तकी सिर पर लकड़ी के पिरामिड के मंच पर एक साथ 108 लैप रखकर नृत्य करती है।

91. उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख ..... उत्पादकों में से एक है।

(a) लकड़ी (b) कॉफी

(c) गन्ना (d) चमड़ा

उत्तर—(c)

उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख गन्ना उत्पादकों में से एक है। वर्ष 2014-15 के आंकड़ों के अनुसार गन्ना उत्पादक चार अग्रणी राज्यों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ स्थान पर क्रमशः उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा तमिलनाडु हैं। आर्थिक समीक्षा, 2017-18 के अनुसार वर्ष 2016-17 में गन्ने के उत्पादन में उत्तर प्रदेश का प्रथम (41.1%) तथा महाराष्ट्र का द्वितीय स्थान (14.4%) है।

92. भारत के राष्ट्रपति द्वारा 14 जुलाई, 2014 को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में नामित किए जाने के बाद ..... ने 22 जुलाई, 2014 को पद की शपथ ली।

(a) हृदय नारायण दीक्षित

(b) योगी आदित्यनाथ

(c) राम गोविंद चौधरी

(d) राम नाईक

उत्तर—(d)

भारत के राष्ट्रपति द्वारा 14 जुलाई, 2014 को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में नामित किए जाने के बाद राम नाईक ने 22 जुलाई, 2014 को पद की शपथ ली।

93. उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, और जनगणना 2011 तक दी गई संख्या के अनुसार इसकी आबादी घनत्व ..... प्रति वर्ग किमी. है।

(a) 829 (b) 330

(c) 760 (d) 650

उत्तर—(a)

उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है और जनगणना 2011 तक दी गई संख्या के अनुसार इसकी आबादी घनत्व 829 प्रति वर्ग किमी. है।

94. उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नई उत्तर प्रदेश सिविल ..... संवर्धन नीति, 2017 पेश की गई है। नीति राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

(a) सर्विस (b) विमानन

(c) पर्यटन (d) व्यापार

उत्तर—(b)

उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नई उत्तर प्रदेश सिविल विमानन संवर्धन नीति, 2017 पेश की गई है। नीति राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

95. उत्तर प्रदेश राज्य के ..... का बड़ा आधार आई.टी. और आई.टी.ई.एस. उद्योगों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है, जिसमें सॉफ्टवेयर, कैप्टिव बिजनेस, प्रोसेस आउटसोर्सिंग, BPO (बीपीओ) और इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।

(a) कृषि उत्पाद

(b) पर्यटन स्थल

(c) कौशलपूर्ण श्रमिक

(d) विशाल संस्कृति

उत्तर—(c)

उत्तर प्रदेश राज्य के कौशलपूर्ण श्रमिक का बड़ा आधार आई.टी. और आई.टी.ई.एस. उद्योगों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है, जिसमें सॉफ्टवेयर, कैप्टिव बिजनेस, प्रोसेस आउटसोर्सिंग, बीपीओ और इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।

96. परिधीय उपकरण कार्यक्षमता जोड़ने के लिए कंप्यूटर सिस्टम से कनेक्ट होते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा परिधीय उपकरण नहीं है?

(a) माउस (Mouse)

(b) स्कैनर (Scanner)

(c) मुद्रक (Printer)

(d) मदर बोर्ड (Mother board)

उत्तर—(d)

इनपुट और आउटपुट युक्तियों को एक साथ बाह्य युक्तियां (Peripheral Devices) कहा जाता है, क्योंकि ये मुख्य कंप्यूटर (CPU) को चारों ओर से घेरे रहते हैं। माउस, स्कैनर, मुद्रक आदि परिधीय उपकरण के अंतर्गत शामिल किए जाएंगे, जबकि मदर बोर्ड को पेरिफेरल उपकरण के अंतर्गत शामिल नहीं किया जाएगा।

97. ..... कंप्यूटर का सबसे आम प्रकार है। इसका उपयोग आम तौर पर द्विआधारी संख्या प्रणाली का उपयोग करके मात्राओं के साथ जानकारी को संसाधित करने के लिए किया जाता है।

(a) हाइब्रिड (b) डिजिटल

(c) एनालॉग (d) कॉम्प्लेक्स

उत्तर—(b)

डिजिटल कंप्यूटर, कंप्यूटर का सबसे आम प्रकार है। इसका उपयोग आम तौर पर द्विआधारी संख्या प्रणाली का उपयोग करके मात्राओं के साथ जानकारी को संसाधित करने के लिए किया जाता है।

98. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपाय नहीं है, जिससे एक वायरस आप के कंप्यूटर को संक्रमित कर सकता है?

(a) अन्य उपयोगकर्ताओं के संगीत, संचिकाएं (फाइल्स) या छवियां साझा करना।

(b) प्रलेख और पी.डी.एफ. (PDF) संचिकाएं (फाइल्स) बनाना

(c) स्पैम ईमेल या ईमेल संलग्नक खोलना

(d) निःशुल्क खेल (गेम्स), टूलबार्स, मीडिया प्लेयर्स और अन्य प्रणाली उपयोगिताओं को डाउनलोड करना

उत्तर—(b)

प्रलेख और पी.डी.एफ. (PDF) संचिकाएं बनाने से कंप्यूटर वायरस से संक्रमित नहीं होता अन्य दिए गए सभी विकल्प कंप्यूटर में वायरस संक्रमण के प्रबल कारक हो सकते हैं।

99. कंप्यूटरों की दूसरी पीढ़ी (सेकंड जनरेशन) किस दौरान देखी गई थी?

(a) 1940-1956 (b) 1963-1972

(c) 1957-1962 (d) 1973 वर्तमान

उत्तर—(c)

सामान्यतः कंप्यूटरों की दूसरी पीढ़ी (सेकंड जनरेशन) 1957-62 के मध्य उपयोग में लाया गया था। दूसरी पीढ़ी के कंप्यूटर में निर्वात ट्यूब की जगह ट्रॉजिस्टर का प्रयोग किया गया जो हल्के छोटे और कम विद्युत खपत करने वाले थे।

100. ..... वर्ष से तृतीय पीढ़ी के कंप्यूटर का प्रयोग शुरू हुआ था।

(a) 1940-1956 (b) 1963-1972

(c) 1957-1962 (d) 1973- वर्तमान पर्यन्त

उत्तर—(b)

वर्ष 1963-1972 से तृतीय पीढ़ी के कंप्यूटर का प्रयोग शुरू हुआ था। इस पीढ़ी के कंप्यूटरों में ट्रांजिस्टर के जगह इंटीग्रेटेड सर्किट चिप का प्रयोग किया गया था, जिसमें सैकड़ों इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे ट्रांजिस्टर, प्रतिरोधक और संधारित्र एक छोटे चिप पर बने होते हैं।

सामान्य विज्ञान

101. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, क्लास II लीवर का उदाहरण है?

(a) व्हील बैरो (b) फोर्सेप

(c) टॉन्स (d) नाइफ

उत्तर—(a)

व्हील बैरो, स्टेपलर, नट क्रेकर आदि द्वितीय श्रेणी के लीवर के उदाहरण हैं। द्वितीय श्रेणी के लीवर वे लीवर हैं, जिनमें भार मध्य में एवं आयास तथा आलम्ब किनारे-किनारे होते हैं।

102. बिजली के करेंट का एस.आई. यूनिट क्या है?

(a) वाट (b) वोल्ट

(c) कैंडला (d) एम्पीयर

उत्तर—(d)

एम्पीयर विद्युत की धारा की एस.आई. यूनिट है। जब एक कूलॉम्ब का विद्युत आवेश/सेकंड प्रवाहित होता है, तो उसे एक एम्पीयर कहा जाता है।

103. आवेशित की गई एक वस्तु द्वारा किसी अन्य आवेशित की गई वस्तु अथवा आवेशित न की गई वस्तु पर लगाए गए बल को क्या कहते हैं?

(a) चुंबकीय बल (b) विद्युत स्थैतिक बल

(c) गुरुत्वाकर्षण बल (d) यांत्रिक बल

उत्तर—(b)

आवेशित की गई वस्तु द्वारा किसी अन्य आवेशित की गई वस्तु अथवा आवेशित न की गई वस्तु पर लगाए गए बल को विद्युत स्थैतिक बल कहते हैं। इस बल को कूलॉम्ब बल भी कहते हैं। समान आवेश में प्रतिकर्षण एवं विपरीत आवेश में आकर्षण होता है।

104. घर्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

(a) घर्षण गति का विरोध करता है

(b) घर्षण टूट-फूट का कारण नहीं होता है

(c) घर्षण से ऊर्जा नष्ट नहीं होती है

(d) घर्षण से उष्णता का उत्पादन नहीं होता है

उत्तर—(a)

घर्षण एक प्रकार का बल है। यह गतिमान वस्तु को पीछे ढकेलता है। जब कोई भी दो वस्तु एक-दूसरे के सम्पर्क में आती हैं, तो वहां घर्षण बल पैदा हो जाता है। यह बल, गतिमान पदार्थ के विपरीत दिशा में लगता है।

105. तरल पदार्थ की तुलना में, ठोस पदार्थ में परमाणुओं का व्यवस्थापन किस तरह होता है?

(a) दूर-दूर होते हैं

(b) बारीकी से नहीं बंधे होते हैं

(c) बहुत बारीकी से बंधे होते हैं

(d) कम बारीकी से बंधे होते हैं

उत्तर—(c)

तरल पदार्थ की तुलना में, ठोस पदार्थ में परमाणुओं के मध्य लगने वाला आकर्षण बल बहुत अधिक होता है, जिसके कारण वे एक-दूसरे से मजबूती से बंधे रहते हैं। इसी कारण ठोस पदार्थों का आकार एवं आयतन दोनों निश्चित होते हैं।

106. निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन है?

(a) पटाखों का जलना

(b) मैगनीशियम तार का गरम होना

(c) कपड़े सुखाना

(d) पानी में चीनी का घुलना

उत्तर—(a)

पटाखों का जलना एक रासायनिक क्रिया है। इसमें विस्फोटक पदार्थ ऑक्सीकृत होकर अन्य रासायनिक पदार्थों में बदल जाता है, जिनसे पुनः विस्फोटक पदार्थ नहीं प्राप्त किया जा सकता है। अर्थात इसमें होने वाली क्रिया अनुत्क्रमणीय (Irreversible) है। जबकि शेष घटनाएं भौतिक परिवर्तन हैं। इनमें केवल पदार्थ की भौतिक दशा परिवर्तित हो रही है, जबकि रासायनिक गुण में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है। भौतिक परिवर्तन उत्क्रमणीय होता है।

107. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, लेड का चिह्न है?

(a) K (b) Pb

(c) Au (d) Na

उत्तर—(b)

लेड एक रासायनिक तत्व है। इसका संकेत Pb है, जिसे लैटिन शब्द प्लम्बम (Plumbum) से लिया गया है। इसका परमाणु क्रमांक 82 है। यह एक भारी तत्व है। इसका गलनांक कम (327.5^0C) होता है। शरीर के अंदर इसका प्रवेश स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

108. निम्नलिखित में से किसने प्रोटॉन की खोज की थी?

(a) जेम्स चैडविक (b) जॉन डाल्टन

(c) एर्नेस्ट रदरफोर्ड (d) यूजीन गोल्डस्टीन

उत्तर—(c)

अर्नेस्ट रदरफोर्ड एक अंग्रेज भौतिक विज्ञानी थे। इन्होंने प्रोटॉन की खोज की और यह सिद्ध किया कि सभी परमाणुओं में प्रोटॉन होते हैं। गोल्डस्टीन ने कैनाल किरणों या एनोड किरणों की खोज की थी जो कि धनात्मक आयनों से निर्मित किरण पुंज है। अत: इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (c) है।

109. सिलिकॉन क्या है?

(a) उपधातु (b) धातु

(c) अधातु (d) नोबल गैस

उत्तर—(a)

सिलिकॉन एक उपधातु है। उपधातु वे तत्व हैं, जो धातु एवं अधातु दोनों के गुण प्रदर्शित करते हैं। इसका परमाणु क्रमांक 14 तथा प्रतीक Si है।

110. रक्त.....के माध्यम से गुर्दे में प्रवेश करता है।

(a) बाह्य श्रोणिफलकधमनी

(b) वृक्क धमनी

(c) कक्षा धमनी

(d) अंत:प्रकोष्ठिका धमनी

उत्तर—(b)

वृक्क में रक्त, वृक्क धमनी के द्वारा प्रवेश करता है। धमनियां ऐसी रक्त वाहिकाएं हैं, जो शरीर के विभिन्न भागों को ऑक्सीजन युक्त रक्त को पहुंचाती हैं। वृक्क धमनी, वृक्क को ऑक्सीजन युक्त रक्त पहुंचाने का कार्य करती है। **नोट**-फुफ्फुस धमनी, फेफड़े को ऑक्सीजन रहित रक्त को पहुंचाने का कार्य करती है।

111. लैक्टोस इंटॉलेरेंस क्या है?

(a) ऐसी स्थिति जहां छोटी अंतड़ियां, दूध उत्पादों में मौजूद चीनी को तोड़ नहीं पाती हैं

(b) ग्लूटन के प्रति विपरीत प्रतिक्रियाएं, इसकी विशेषता होती है

(c) ऐसी स्थिति जहां फ्रक्टोज रक्त में पूरी तरह से सोख नहीं लिया जाता है

(d) ऐसी स्थिति जहां, छोटी अंतड़ियां, ग्लूटन को तोड़ नहीं पाती हैं।

उत्तर—(a)

लैक्टोस इंटॉलेरेंस एक सामान्य पाचन समस्या है, जिसमें छोटी आंत में दुग्ध पदार्थ में पाए जाने वाली शर्करा (लैक्टोज) का पाचन बाधित हो जाता है। वैसे यह समस्या नुकसान रहित है, परंतु यह काफी असहनीय होती है। इसके कारण डायरिया या गैस बनने की समस्या हो सकती है।

112. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है?

(a) गुर्दा (b) पेट

(c) जिगर (d) फेफड़ा

उत्तर—(c)

शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग जिगर (Liver) है। यह अंग सबसे अधिक भारी होता है (औसत भार लगभग 1.6 किग्रा.)। यह शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि भी है।

113. निम्नलिखित में से कौन-सा तंत्रिका फाइबर से बना है जो प्रतिबिंब क्रियाओं में मध्यस्थता करता है और जो मस्तिष्क को आवेगों का आदान-प्रदान करता है?

(a) मोटर स्नायु (न्यूरॉन) (b) मेरुदंड

(c) प्रमस्तिष्क गोलार्द्ध (d) कपालीय नसें

उत्तर—(b)

मेरुदंड एक लंबी, पतली, नलिका सदृश संरचना है, जो तंत्रिका कोशिकाओं की बनी होती है। यह संदेशों का मस्तिष्क से अंग तक या अंग से मस्तिष्क तक भेजने का कार्य तथा प्रतिबिंब क्रिया का संचालन करता है।

114. हमारे शरीर में कुल पोषक तत्वों तथा खनिजों का 90% शरीर के किस भाग में सर्वाधिक रूप से सोख लिया जाता है?

(a) गुर्दा (b) बड़ी अंतड़ी

(c) पेट (d) छोटी अंतड़ी

उत्तर—(d)

हमारे शरीर में कुल पोषक तत्वों तथा खनिजों की अधिकांश मात्रा छोटी आंत द्वारा अवशोषित कर लिया जाता है। हमारे शरीर की छोटी आंत लगभग 6 मीटर लंबी होती है एवं अत्यधिक कुंडलित होती है। इसकी आंतरिक दीवार पर विलाई (Villi) पाए जाते हैं, जो पोषक पदार्थों को अवशोषित करते हैं। छोटी आंत की अत्यधिक लंबाई एवं कुंडलित होना, अधिक अवशोषण की क्रिया के लिए उत्तरदायी है।

115. निम्नलिखित में से किस विटामिन की कमी से बच्चों में सूखारोग (रिकेट) नामक विकार पैदा होता है?

(a) विटामिन बी (b) विटामिन ए

(c) विटामिन डी (d) विटामिन ई

उत्तर—(c)

विटामिन डी का रासायनिक नाम कैल्सीफेरॉल है। यह वसा में घुलनशील विटामिन है। यह अस्थि के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। बच्चों में इसकी कमी से उनकी हड्डियों का उचित विकास नहीं हो पाता है, जिससे उनमें सूखा रोग (Rickets) हो जाता है। यह मक्खन, मछली का तेल, अंडा आदि में पाया जाता है तथा हमारे शरीर की त्वचा कोशिकाओं द्वारा UV किरणों की सहायता से संश्लेषण होता है।

116. निम्नलिखित में से उस विटामिन की कमी से विकास का चयन करें जिसमें मुंह, गले, पैर के निचले हिस्से एवं पैर के पंजों में लाल रंग के धब्बे उत्पन्न होते हैं।

(a) पेलाग्रा (b) बेरी-बेरी

(c) स्कर्वी (d) रतौंधी

उत्तर—(a)

पेलाग्रा एक त्वचा का रोग है, जो विटामिन B_3 या निकोटिनिक अम्ल की कमी से होता है। इस रोग में मुंह, गला, पैर के निचले हिस्से एवं पैर के पंजों में लाल रंग के धब्बे पैदा हो जाते हैं। विटामिन B_3, जल में घुलनशील विटामिन है जो यीस्ट, मांस, मछली, अंडा आदि में प्रचुर मात्रा में पाई जाती है।

117. संयुक्त राज्य अमेरिका कृषि विभाग (यू.एस.डी.ए.) के दिशा-निर्देशों के अनुसार 30 साल से अधिक उम्र के निष्क्रिय पुरुषों और महिलाओं को प्रतिदिन कितने कैलोरी खुराक का सेवन करना चाहिए?

(a) 1,000 से 1,400 कैलोरी

(b) 1,000 से 2,000 कैलोरी

(c) 1,600 से 2,400 कैलोरी

(d) 1,600 से 1,800 कैलोरी

उत्तर—(c)

संयुक्त राज्य अमेरिका कृषि विभाग (USDA) के दिशा निर्देशों के अनुसार, 30 साल से अधिक विभिन्न उम्र समूह के निष्क्रिय पुरुषों और महिलाओं को प्रतिदिन निम्नलिखित कैलोरी खुराक का सेवन करना चाहिए—

उम्र (वर्षों में)	कैलोरी खुराक	
	निष्क्रिय पुरुष	निष्क्रिय महिला
31 - 35	2400	1800
36 - 40	2400	1800
41 - 45	2200	1800
46 - 50	2200	1800
51 - 55	2200	1600
56 - 60	2200	1600
61 +	2000	1600

अतः प्रश्न में दिए गए विकल्पों के आधार पर विकल्प (c) निकटतम उत्तर होगा।

118. निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने चेचक हेतु टीका का खोज किया था?

(a) एडवर्ड जेनर (b) इवा एंगवाल

(c) लुई पेस्चर (d) एमिली रॉक्स

उत्तर—(a)

चेचक के टीके की खोज एडवर्ड जेनर द्वारा की गई थी, ये यूनाइटेड किंगडम के थे।

119. निम्नलिखित में से कौन-सा मच्छर से उत्पन्न रोग नहीं है?

(a) डेंगू (b) जीका

(c) चिकुनगुनिया (d) दाद (रिंगवर्म)

उत्तर—(d)

दाद (रिंगवर्म) एक कवक के द्वारा होने वाला रोग है, जिसके कारण त्वचा पर लाल, गोले धब्बे पड़ जाते हैं। मच्छरों के काटने से इसका संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं होता है, जबकि डेंगू, जीका व चिकनगुनिया विषाणु जनित रोग हैं, जो मच्छरों द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में उत्पन्न होते हैं।

120. पौधों की पत्तियों के बहुत छोटे छिद्रों अथवा स्टोमेटा के जरिए पानी के वाष्पीकरण को क्या कहते हैं?

(a) कंडेनसेशन (b) सब्लिमेशन

(c) ट्रांसपिरेशन (d) प्रेसिपिटेशन

उत्तर—(c)

पौधों की पत्तियों या अन्य वायवीय भागों पर छोटे-छोटे छिद्र पाए जाते हैं, जिन्हें वातरन्ध्र (Stomata) कहते हैं। इनके द्वारा पानी का वाष्प के रूप में निकलने की क्रिया वाष्पीकरण कहलाती है।

121. नेशनल हेल्थ सर्विस (एन.एच.एस.), यूके और यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के अनुसार, वयस्क सक्रिय व्यक्ति का कैलोरी सेवन क्या होना चाहिए?

(a) 2500 कैलोरी (b) 1500 कैलोरी

(c) 2000 कैलोरी (d) 3500 कैलोरी

उत्तर—(a)

एक वयस्क सक्रिय व्यक्ति को लगभग 2500 कैलोरी युक्त ऊर्जा वाला भोजन आवश्यक है।

122. .....की कमी से 'क्वाशियोर्कर' नामक विकार उत्पन्न होता है।

(a) कार्बोहाइड्रेट (b) प्रोटीन

(c) खनिज पदार्थ (d) वसा

उत्तर—(b)

प्रोटीन हमारे शरीर की निर्माण सामग्री है। 'क्वाशियोर्कर' नामक विकार प्रोटीन की कमी से उत्पन्न होती है। प्रोटीन की कमी से मांसपेशी आदि का विकास एवं वृद्धि रुक जाती है। यह एक प्रकार की कुपोषण वाली बीमारी है, यह उन क्षेत्रों में व्यापक रूप से पाई जाती है, जहां भुखमरी की स्थिति होती है।

123. मांसपेशियों के निर्माण और बढ़ने और एंटीबॉडी बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा आवश्यक है?

(a) प्रोटीन (b) कार्बोहाइड्रेट

(c) विटामिन (d) कैल्शियम

उत्तर—(a)

प्रोटीन जीव-जंतुओं के शरीर की निर्माण सामग्री है। मांसपेशियों के निर्माण, वृद्धि तथा एंटीबाडी बनाने के लिए यह अति आवश्यक है। इसकी कमी से शारीरिक विकास एवं वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा एंटीबॉडी का निर्माण न होने से प्रतिरोधक क्षमता भी ह्रासित होती है।

124. दबाव का एस.आई. यूनिट क्या है?

(a) मीटर (b) केल्विन

(c) पास्कल (d) न्यूटन

उत्तर—(c)

पास्कल, दाब की एस.आई. यूनिट है। जब एक न्यूटन का बल, एक वर्गमीटर के क्षेत्रफल पर लगता है, तो उसे एक पास्कल कहते हैं।

125. प्रकाश-संश्लेषण में रोशनी किस ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है?

(a) ताप ऊर्जा (b) ऊष्मा ऊर्जा

(c) यांत्रिक ऊर्जा (d) रासायनिक ऊर्जा

उत्तर—(d)

प्रकाश संश्लेषण एक उपापचय की संश्लेषणात्मक क्रिया है, जिसमें सूर्य के प्रकाश में, क्लोरोफिल की सहायता से, कार्बन डाइऑक्साइड एवं पानी के रासायनिक संयोग से हरे पेड़ पौधों द्वारा भोजन का निर्माण होता है। इस क्रिया में रोशनी (सौर ऊर्जा) रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित होती है, जो ग्लूकोज अणु में संग्रहीत रहती है।

$$6CO_2 + 12H_2O \xrightarrow[\text{Sunlight}]{\text{Chlorophyll}} \underset{\text{Glucose}}{C_6H_{12}O_6} + 6O_2 + 6H_2O$$

नोट-प्रकाश संश्लेषण के दौरान निकली ऑक्सीजन (Oxygen) पानी के विघटन से प्राप्त होती है।

अंकगणित

126. निम्नलिखित समीकरण को हल करें—

$36 - 2\,(20 + 12 \div 4 \times 3 - 2 \times 2\,) + 12 = ?$

(a) 2

(b) – 2

(c) – 4

(d) 4

उत्तर—(b)

$36 - 2\,(20 + 12 \div 4 \times 3 - 2 \times 2\,) + 12$

में BODMAS के नियम को लागू करने पर

$36 - 2\,(20 + 3 \times 3 - 2 \times 2\,) + 12$

$36 - 2\,(20 + 9 - 4) + 12$

$36 - 2\,(29 - 4) + 12$

$36 - 2\,(25) + 12$

$36 - 50 + 12 = 48 - 50 = -2$

127. निम्नलिखित समीकरण को हल करें—

$$\frac{(149+144)^2-(449-144)^2}{2(449\times144)}$$

(a) 1 (b) 2

(c) – 2 (d) – 1

उत्तर—(b)

$$\frac{(449+144)^2-(449-144)^2}{2(449\times144)}$$

■ $(a+b)^2-(a-b)^2=4ab$

$$=\frac{4(449\times144)}{2(449\times144)}$$

$=2$

128. $\sqrt{0.8}$ का मान क्या होगा?

(a) 0.964 (b) 0.694

(c) 0.984 (d) 0.894

उत्तर—(d)

$\sqrt{0.8}$ = 0. 8 का वर्गमूल

	0.894
0.8	0.800000
0.8	0.64
1.69	0.1600
.09	0.1521
1.784	0.007900
.004	0.007136
	0.000764

अत : $\sqrt{0.8}=0.894$

129. (3 ÷ 11 × 22 ÷ 6) – (9 ÷ 4 × 12 ÷ 3) + (25 ÷11× 22 ÷ 10) = ? का उत्तर क्या होगा?

(a) 5 (b) –3

(c) 9 (d) –9

उत्तर—(b)

$(3\div11\times22\div6)-(9\div4\times12\div3)+(25\div11\times22\div10)$

$$=\frac{3}{11}\times\frac{22}{6}-\frac{9}{4}\times\frac{12}{3}+\frac{25}{11}\times\frac{22}{10}$$

$=1-9+5$

$=-9+6$

$=-3$

130. x का मान ज्ञात करें।

$$\frac{121}{1.21}=\frac{1.21}{x}$$

(a) 0.00121

(b) 0.121

(c) 0.0121

(d) 1.21

उत्तर—(c)

$$\frac{121}{1.21}=\frac{1.21}{x}$$

$=121\times x=1.21\times1.21$

$$x=\frac{1.21\times1.21}{121}$$

$$=\frac{121\times121}{121\times100\times100}$$

$$\frac{121}{10000}=0.0121$$

131. 10^2, 11^2 और 12^2 का लघुत्तम समापवर्त्य (एल.सी.एम.) क्या होगा?

(a) 435600

(b) 453600

(c) 345600

(d) 654300

उत्तर—(a)

$10^2, 11^2, 12^2$ का ल. स.

(10, 11, 12 का ल. स.)$^2=(660)^2$

$=435600$

10, 11, 12 का ल. स. ⇒

2	10, 11, 12
2	5, 11, 6
	5, 11, 3

$=2\times2\times3\times5\times11$

$=(660)$

132. यदि $\frac{a^{-1}}{a}=7$ हो, तो $\left(a^4+\frac{1}{a^4}\right)$ का मान क्या होगा?

(a) 2599 (b) 2699

(c) 2207 (d) 2209

उत्तर—(*)

$\frac{a^{-1}}{a} = 7$, तो $\left(a^4 + \frac{1}{a^4}\right) = ?$

$\frac{1}{a^2} = 7$ .....(i)

या $a^2 = \frac{1}{7}$ .....(ii)

समी. (i) व (ii) को वर्ग करके जोड़ने पर-

$$\left(a^2\right)^2 + \frac{1}{(a^2)^2} = \frac{1}{(7)^2} + (7)^2$$

$$\left(a^4 + \frac{1}{a^4}\right) = \frac{1}{49} + 49$$

$$\left(a^4 + \frac{1}{a^4}\right) = \frac{1+2401}{49}$$

$$\left(a^4 + \frac{1}{a^4}\right) = \frac{2402}{49}$$

आयोग द्वारा इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) दिया गया है।

133. दो ऐसी संख्याएं हैं जिनका अनुपात 2 : 7 है। यदि उनमें से प्रत्येक में 4 जोड़ दिया जाए, तो उनका अनुपात 4 : 9 हो जाता है। मूल संख्याएं क्या हैं?

(a) 8,28 (b) 4, 14

(c) 6, 21 (d) 2, 7

उत्तर—(b)

माना संख्याएं $2x$ तथा $7x$ हैं।

प्रश्नानुसार

$$\frac{2x+4}{7x+4} = \frac{4}{9}$$

$9(x+2) = 2(7x+4)$

$9x + 18 = 14x + 8$

$5x = 10$

$x = 2$

$\therefore$ मूल संख्याएं $2x = 2 \times 2 = 4$

$7x = 7 \times 2 = 14$

$\Rightarrow 4, 14$

134. यदि ब्याज 20% प्रति वर्ष की दर से वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो ज्ञात करें कि 3 वर्ष के पश्चात रु. 2500 की राशि कितनी हो जाएगी?

(a) रु. 4200 (b) रु. 4230

(c) रु. 4320 (d) रु. 4310

उत्तर—(c)

$\because$ ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होती है

$\therefore$ चक्रवृद्धि ब्याज लगेगा

मिश्रधन = मूलधन $\left(1 + \frac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}}$

$$= 2500\left(1 + \frac{20}{100}\right)^3$$

$$= 2500 \times \left(\frac{6}{5}\right)^3$$

$$= 2500 \times \frac{216}{125} \Rightarrow 4320 \text{ रु.}$$

135. यदि 10% और 11% के लाभ पर एक बैग के विक्रय मूल्यों का अंतर रु. 11 हो, तो बैग का लागत मूल्य क्या है?

(a) रु. 1100 (b) रु. 1000

(c) रु. 1200 (d) रु. 1010

उत्तर—(a)

माना बैग का लागत मूल्य x रु. है।

प्रश्नानुसार

$$\frac{111x}{100} - \frac{110x}{100} = 11$$

$$\frac{x}{100} = 11$$

$x = 1100$ रु.

136. 240 व्यक्ति किसी कार्य-भाग को 30 दिनों में पूर्ण कर सकते हैं। 12 दिनों तक कार्य करने के पश्चात् 80 व्यक्ति कार्य छोड़ कर चले गए। संपूर्ण कार्य कितने दिनों में पूर्ण होगा।

(a) 27 (b) 39

(c) 32 (d) 34

उत्तर—(b)

शेष दिन = (30 – 12) दिन = 18 दिन, शेष व्यक्ति = 240– 80 = 160

हम जानते हैं- $M_1 \times D_1 = M_2 \times D_2$

(जहां $M_1 = 240, D_1 = 18, M_2 = 160, D_2 = ?$)

$240 \times 18 = 160 \times D_2$

$D_2 = \frac{240 \times 18}{160} =$ 27 दिन

संपूर्ण कार्य करने में लगा समय = 27 + 12 = 39 दिन

137. दो स्टेशनों के बीच की दूरी 400 किमी. है। इन स्टेशनों से समानांतर पटरियों पर दो ट्रेनें एक-दूसरे की ओर एक साथ चलना प्रारंभ करती हैं। एक ट्रेन की गति दूसरी ट्रेन की गति की तुलना में 5 किमी./घंटा अधिक है। यदि दोनों ट्रेनों के बीच की दूरी उनके चलने के 2 घंटों के पश्चात् 170 किमी. हो, तो प्रत्येक ट्रेन की गति ज्ञात करें।

(a) 55 किमी./घंटा, 60 किमी./घंटा
(b) 60 किमी./घंटा, 65 किमी./घंटा
(c) 75 किमी./घंटा, 70 किमी./घंटा
(d) 55 किमी./घंटा, 50 किमी./घंटा

उत्तर—(a)

A ——— 400 ——— B

माना एक ट्रेन की गति x किमी./घंटा है, तो दूसरी ट्रेन की गति $= (x + 5)$ किमी./घंटा

दो घंटे में दोनों ट्रेनों द्वारा चली गई दूरी = 400 – 170
= 230 किमी.

■ दूरी = चाल × समय

$\therefore$ पहली ट्रेन द्वारा 2 घंटे में चली गई दूरी $= 2 \times x$ किमी.

दूसरी ट्रेन द्वारा 2 घंटे में चली गई दूरी $= 2 \times (x + 5)$ किमी.

प्रश्नानुसार

$$2x + 2(x + 5) = 230$$
$$4x + 10 = 230$$
$$4x = 220$$
$$x = 55$$
$$\therefore x + 5 = 55 + 5 = 60$$

अतः प्रत्येक ट्रेन की गति 55 किमी./घंटा तथा 60 किमी./घंटा है।

138. एक ट्रेन 48 किमी./घंटा की गति से अपनी यात्रा 10 घंटों में पूर्ण कर सकती है? यदि इतनी ही दूरी 8 घंटों में तय करनी हो, तो ट्रेन की गति क्या होनी चाहिए?

(a) 45 किमी./घंटा (b) 50 किमी./घंटा
(c) 55 किमी./घंटा (d) 60 किमी./घंटा

उत्तर—(d)

48 किमी./घंटा की गति से 10 घंटे में चली गई दूरी
= चाल × समय
$= 48 \times 10 = 480$ किमी.

$\therefore$ ट्रेन की अभीष्ट गति $= \dfrac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$= \dfrac{480}{8} = 60$ किमी./घंटा

139. एक टंकी में दो नल लगे हैं जो इसे क्रमशः 10 घंटों और 15 घंटों में भर सकते हैं। एक नल पूर्णतः भरी टंकी को 12 घंटों में खाली कर सकता है। यदि खाली टंकी के तीनों नलों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी को पूर्णतः भरने में कितना समय लगेगा?

(a) 16 घंटे (b) 10 घंटे
(c) 12 घंटे (d) 15 घंटे

उत्तर—(c)

तीनों नलों को एक साथ खोलने पर टंकी का 1 घंटे में भरा भाग

$$= \left(\frac{1}{10} + \frac{1}{15}\right) - \frac{1}{12}$$

$$= \frac{(6+4)-5}{60}$$

$$= \frac{10-5}{60} = \frac{5}{60} \text{ भाग}$$

टंकी को पूर्णतः भरने में लगा समय $= \dfrac{\frac{1}{5}}{60} \Rightarrow \dfrac{60}{5} = 12$ घंटा

140. घड़ी की सुइयां एक दिन में कितनी बार एक दूसरे के लंबवत होती हैं?

(a) 44 बार (b) 22 बार
(c) 11 बार (d) 88 बार

उत्तर—(a)

12 घंटे में घड़ी की दोनों सुइयां 22 बार लंबवत होती हैं
($\because$ दो स्थिति 3 बजे और 9 बजे उभयनिष्ठ होती है)
$\therefore$ 24 घंटे अर्थात 1 दिन में 44 बार ये सुइयां लंबवत होंगी।

141. 6 अगस्त, 1987 को कौन-सा दिन था?

(a) शनिवार (b) बुधवार
(c) मंगलवार (d) गुरुवार

उत्तर—(d)

विषम दिनों की कुल संख्या = 1600
वर्ष में विषम दिनों की संख्या = 0
+ 300 वर्षों में (1 विषम दिन) + 86 वर्ष (21 लीप + 65 साधारण) में 2 विषम दिन + 6 अगस्त तक 1 विषम दिन
$= 1 + 2 + 1 = 4$ विषम दिन
$\therefore$ अभीष्ट दिन = बृहस्पतिवार

142. एक समबाहु त्रिभुज की भुजा $6\sqrt{3}$ लंबी है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात करें।

(a) $9\sqrt{3}$ सेमी.^{2} (b) $27\sqrt{3}$ सेमी.^{2}

(c) 27 सेमी.^{2} (d) 9 सेमी.^{2}

उत्तर—(b)

समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4} \times$ भुजा^{2}

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times (6\sqrt{3})^2$ सेमी.^{2}

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times 36 \times 3$ सेमी.^{2}

$= 27\sqrt{3}$ सेमी.^{2}

143. x का मान ज्ञात करने के लिए समीकरण $6(5x - 4) = 16(5x + 1)$ को हल करें।

(a) $\frac{5}{4}$ (b) $-\frac{4}{5}$

(c) $-\frac{5}{4}$ (d) $\frac{4}{5}$

उत्तर—(b)

$6(5x-4) = 16(5x+1)$

$30x - 24 = 80x + 16$

$80x - 30x = -24 - 16 = -40$

$50x = -40$

$x = -\frac{40}{50} = -\frac{4}{5}$

144. यदि $\tan A = \frac{3}{4}$ हो, तो $\{(1 + \cos A)(1 - \cos A)/(1 + \sin A)(1 - \sin A)\} - \frac{7}{16}$ का मान क्या होगा?

(a) $\frac{1}{8}$ (b) 5

(c) 1 (d) 0

उत्तर—(a)

दिया है-

$\tan A = \frac{3}{4}$

$\frac{(1+\cos A)(1-\cos A)}{(1+\sin A)(1-\sin A)} - \frac{7}{16}$

$= \frac{1-\cos^2 A}{1-\sin^2 A} - \frac{7}{16}$ $[\because a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)]$

$= \frac{\sin^2 A}{\cos^2 A} - \frac{7}{16}$ $[\because \sin^2 A + \cos^2 A = 1]$

$= \tan^2 A = -\frac{7}{16}$ $\left(\because \frac{\sin A}{\cos A} = \tan A\right)$

$= \left(\frac{3}{4}\right)^2 - \frac{7}{16}$

$= \frac{9}{16} - \frac{7}{16}$

$= \frac{2}{16} = \frac{1}{8}$

145. निम्नलिखित डेटा का माध्य 20.6 है। p का मूल्य क्या है?

xi	10	15	20	25	35
fi	3	10	p	7	5

(a) 22 (b) 25

(c) 28 (d) 30

उत्तर—(b)

समांतर माध्य के लिए सारणी

xi	fi	$xi \times fi$
10	3	30
15	10	150
20	p	20p
25	7	175
35	5	175
योग	25 + p	$\sum xifi = 530 + 20p$

समांतर माध्य $= \frac{\sum xifi}{N} = \frac{530 + 20p}{25 + p}$

$20.6 = \frac{530 + 20p}{25 + p}$

$20.6(25 + p) = 530 + 20p$

$515 + 20.6p = 530 + 20p$

$0.6p = 15$

$p = \frac{15}{0.6}$

$= 25$

146. तीन पासों को एक साथ फेंकने पर प्रतिदर्श समष्टि (सैम्पल स्पेस) में तत्वों की संख्या क्या होगी?

(a) 216 (b) 36

(c) 1296 (d) 1026

उत्तर—(a)

तीन पासों को एक साथ फेंकने पर प्रतिदर्श समष्टि में तत्वों की संख्या $= 6 \times 6 \times 6$

$= 36 \times 6$

$= 216$

147. सौरीन की आयु और उसकी सेवा-अवधि का योग 105 होने पर वह सेवानिवृत्ति हो सकता है। वर्तमान में, उसकी आयु 40 वर्ष है और उसने 19 वर्षों तक कार्य किया है। यदि वह सेवानिवृत्त होने तक कार्य करता रहा, तो सेवानिवृत्त होने पर वह कितने वर्ष का होगा?

(a) 62 वर्ष

(b) 63 वर्ष

(c) 64 वर्ष

(d) 65 वर्ष

उत्तर—(b)

सौरीन की वर्तमान आयु = 40 वर्ष

अब तक सेवा अवधि = 19 वर्ष

माना सौरीन अब से x वर्ष बाद सेवानिवृत्त होगा

प्रश्नानुसार

$(40 + x) + (19 + x) = 105$

$59 + 2x = 105 \Rightarrow x = \frac{46}{2} = 23$ वर्ष

अतः सेवानिवृत्त होने पर सौरीन की आयु = 63 वर्ष

148. गार्गी 6 किमी./घंटा की गति से चलती है और 10 किमी./घंटा की गति से दौड़ती है। वह अपने घर से विद्यालय तक चलने के स्थान पर दौड़ कर 4 मिनट 30 सेकंड का समय बचा लेती है। उसके घर से उसके विद्यालय के बीच की दूरी (किमी. में) क्या है?

(a) $1\frac{1}{8}$ (b) $1\frac{3}{16}$

(c) $1\frac{1}{4}$ (d) $1\frac{1}{6}$

उत्तर—(a)

माना गार्गी के घर से विद्यालय की दूरी x किमी.

प्रश्नानुसार

$\frac{x}{6} - \frac{x}{10} = 4\frac{30}{60}$ $\left[\because \text{चाल} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}\right]$ से

$\frac{x}{6} - \frac{x}{10} = \frac{9}{2 \times 60}$ [मिनट को घंटे में बदलने पर]

$\frac{5x - 3x}{30} = \frac{9}{120}$

$\frac{2x}{30} = \frac{9}{120}$

$x = \frac{30 \times 9}{2 \times 120}$

$x = \frac{9}{8} \Rightarrow 1\frac{1}{8}$ किमी.

149. $2\sin 30^0$ का मान क्या होगा?

(a) $\sqrt{2}$ (b) 0.5

(c) $\sqrt{3}$ (d) 1

उत्तर—(d)

$2\sin 30^0 = 2 \times \frac{1}{2}$ $\left[\therefore \sin 30^0 = \frac{1}{2}\right]$

$= 1$

150. 35 परीक्षाओं में सुभायु के औसत प्राप्तांक 24 है। इंद्राणी के औसत प्राप्तांक अभी तक 21 है, किंतु उसने अभी तक केवल 31 परीक्षाएं दी है। यदि प्रत्येक परीक्षा में अधिकतम अंक 48 हों, तो सुभायु के प्रदर्शन की बराबरी करने के लिए इंद्राणी के पास शेष चार परीक्षाओं में से किसी एक में कम-से-कम कितने अंक प्राप्त करने का अवसर अभी भी है?

(a) 44 (b) 45

(c) 46 (d) 47

उत्तर—(b)

सुभायु का कुल प्राप्तांक $= 35 \times 24 = 840$

इंद्राणी का कुल प्राप्तांक $= 31 \times 21 = 651$

इंद्राणी की अपेक्षा सुभायु के प्राप्तांक $= 840 - 651 = 189$ अधिक

शेष 4 परीक्षाओं में से किसी एक में कम-से-कम प्राप्त करने का अवसर $= 189 - 3 \times 48 = 45$

हिन्दी

निर्देश- (प्रश्न-151-155 तक) : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रेम की भाषा शब्द रहित है। नेत्रों की, कपालों की, मस्तक की भाषा भी शब्द-रहित है। जीवन का तत्व भी शब्द से परे है। सच्चा आचरण-प्रभाव, शील, अचल-स्थिति-संयुक्त आचरण-ना तो साहित्य के लंबे व्याख्यानों से गठा जा सकता है या न वेद की श्रुतियों के मीठे उपदेश से या न अंजील से या न कुरान से या न धर्मचर्चा से या न केवल सत्संग से। जीवन के अरण्य में घुसे हुए पुरुष के हृदय पर प्रकृति और मनुष्य के जीवन के मौन व्याख्यानों के यत्न से सुनार के छोटे हथौड़े की मंद-मंद चोटों की तरह आचरण का रूप प्रत्यक्ष होता है।

151. प्रेम की भाषा है-

(a) अर्थ - रहित (b) भाव - रहित
(c) ज्ञान - रहित (d) शब्द - रहित

उत्तर—(d)

गद्यांश की प्रथम पंक्ति में उल्लिखित है कि प्रेम की भाषा शब्द रहित है।

152. 'अरण्य' का शाब्दिक अर्थ होता है-

(a) वृक्ष (b) जंगल
(c) उपवन (d) पुष्प

उत्तर—(b)

'अरण्य' का शाब्दिक अर्थ 'जंगल' होता है।

153. 'यत्न' से आशय है-

(a) भाषण (b) रत्न
(c) प्रयास (d) परिश्रम

उत्तर—(c)

'यत्न' का आशय 'प्रयास' है।

154. गद्यांश में किसकी महिमा का वर्णन है?

(a) आचरण (b) प्रेम
(c) जीवन (d) वेद

उत्तर—(a)

गद्यांश में आचरण की महिमा का वर्णन है।

155. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा-

(a) प्रेम की भाषा (b) जीवन का अरण्य
(c) सच्चा आचरण (d) मौन व्याख्यान

उत्तर—(c)

गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'सच्चा आचरण' होगा।

156. शासकीय पत्र के संदर्भ में कौन-सा कथन गलत है?

(a) पत्र के सबसे ऊपर पत्र-संख्या लिखते हैं।
(b) पत्र संख्या के ऊपर तिथि लिखी जाती है।
(c) पत्र के बाईं ओर 'सेवा में' लिखा जाता है।
(d) संबोधन 'महोदय' बाईं ओर लिखा जाता है।

उत्तर—(b)

शासकीय पत्र में पत्र के सबसे ऊपर पत्र-संख्या लिखते हैं। तिथि, पत्र संख्या के नीचे लिखी जाती है। पत्र के बाईं ओर 'सेवा में' लिखा जाता है। संबोधन 'महोदय' बाईं' और लिखा जाता है।

157. यदि कोई पत्र सभी सम्बद्ध कार्यालयों को प्रेषित किया जाता है, तो उसे कहते हैं-

(a) वैयक्तिक पत्र
(b) कार्यालय आदेश
(c) अधिसूचना
(d) परिपत्र

उत्तर—(d)

यदि कोई सरकारी पत्र, कार्यालय ज्ञापन या ज्ञापन सभी सम्बद्ध कार्यालयों या एक साथ अनेक प्रेषितियों को भेजा जाता है, तो उसे परिपत्र (Circular) कहा जाता है।

158. निम्न में दीर्घ स्वर कौन-सा है?

(a) आ (b) ओ
(c) ए (d) ऐ

उत्तर—(a)

हिन्दी में स्वर वर्णों की संख्या ग्यारह हैं। इन्हें तीन वर्गों में बाटा जाता है—ह्रस्व स्वर, दीर्घ स्वर तथा संयुक्त स्वर। ह्रस्व स्वर के अंतर्गत अ, इ, उ, ऋ; दीर्घ स्वर के अंतर्गत आ, ई, ऊ तथा संयुक्त स्वर के अंतर्गत ए, ऐ ओ एवं औ आते हैं।

159. निम्न में अंतःस्थ व्यंजन कौन-सा है?

(a) क (b) च
(c) ट (d) य

उत्तर—(d)

य, र, ल, व अंत:स्थ व्यंजन हैं। क, च, ट स्पर्श व्यंजन हैं।

160. निम्न में महाप्राण व्यंजन कौन-सा है?

(a) त (b) द

(c) भ (d) म

उत्तर—(c)

महाप्राण व्यंजन वे हैं, जिनके उच्चारण में मुख से अधिक हवा निकलती है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा एवं चौथा वर्ण महाप्राण होता है। जैसे-ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ।

161. निम्न में अघोष वर्ण कौन-सा है?

(a) प (b) घ

(c) ब (d) ग

उत्तर—(a)

जिन व्यंजन वर्णों के उच्चारण में स्वर-तंत्रियां झंकृत नहीं होती हैं, उन्हें अघोष वर्ण कहते हैं। इसमें वर्गों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ण (क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ) और श, ष, स आते हैं।

162. निम्न में कण्ठ्य वर्ण कौन-सा है?

(a) उ (b) अ

(c) इ (d) ई

उत्तर—(b)

जिन वर्णों का उच्चारण कण्ठ से होता है, उन्हें कण्ठ्य वर्ण कहते हैं। जैसे-क, ख, ग, घ, ङ., अ, आ।

163. निम्नलिखित में रूढ़ शब्द है-

(a) दूधवाला (b) घुड़सवार

(c) नाक (d) लम्बोदर

उत्तर—(c)

जो शब्द हमेशा किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हों और जिनके खण्डों का कोई अर्थ न निकले, उन्हें रूढ़ शब्द कहते हैं। जैसे-नाक, कान आदि।

164. 'रत्नाकर' का संधि विच्छेद होगा-

(a) रत्न + आकर (b) रत्न + आकार

(c) रत्ना + कर (d) रति + आकर

उत्तर—(a)

'रत्नाकर' का संधि विच्छेद 'रत्न + आकर' होगा। इसमें दीर्घ स्वर संधि है। जब ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद ह्रस्व या दीर्घ समान स्वर आये, तो दोनों के स्थान पर दीर्घ स्वर हो जाता है।

165. 'प्रतिमान' में समास है-

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव

(c) द्वंद्व (d) द्विगु

उत्तर—(b)

'प्रतिमान' में अव्ययीभाव समास है। जिस समास का पहला पद (पूर्वपद) अव्यय और प्रधान हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं।

166. 'परिक्रमा' में उपसर्ग है-

(a) आ (b) प

(c) पर (d) परि

उत्तर—(d)

'परिक्रमा' में 'परि' उपसर्ग है। 'परि' उपसर्ग का अर्थ है-आस-पास, चारों तरफ। इस उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द हैं– परिजन, परिणाम, परिमाण, परिपूर्ण आदि।

167. 'भलाई' में प्रत्यय है-

(a) ई (b) आई

(c) लाई (d) भ

उत्तर—(b)

'भलाई' में 'आई' प्रत्यय है। यह कृत् प्रत्यय है। कृत् प्रत्यय का प्रयोग क्रिया एवं धातुओं में किया जाता है।

168. निम्न में कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) आलस्य (b) आम

(c) आग (d) आसरा

उत्तर—(a)

'आलस्य' तत्सम है, जिसका तद्भव 'आलस' है। आम, आग एवं आसरा तद्भव हैं, जिनके तत्सम क्रमशः आम्र, अग्नि तथा आश्रय हैं।

169. निम्न में कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) चूर्ण (b) छिद्र

(c) ज्ञान (d) छत

उत्तर—(d)

'छत' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम 'छत्र' होता है। चूर्ण, छिद्र एवं ज्ञान तत्सम शब्द हैं।

170. निम्न में कौन-सा शब्द देशज है?

(a) आग (b) बच्चा

(c) खिड़की (d) फूल

उत्तर—(c)

'खिड़की' शब्द देशज है। देशज वे शब्द हैं, जिनकी व्युत्पत्ति का पता नहीं चलता। ये अपने ही देश में बोलचाल से बने हैं, इसलिए इन्हें देशज कहते हैं।

171. निम्न में विदेशी शब्द कौन-सा है?

(a) उष्ट्र (b) अमीर
(c) प्रिय (d) भक्त

उत्तर—(b)

'अमीर' विदेशी शब्द है। यह अरबी भाषा का शब्द है। अरबी भाषा के अन्य शब्द हैं—आदमी, आदत, इज्जत, इलाज, औरत, किस्मत, किला आदि।

172. निम्न में संज्ञा शब्द है-

(a) गंगा (b) पुराना
(c) नीला (d) मोटा

उत्तर—(a)

'गंगा' संज्ञा शब्द है। जिस शब्द से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध हो, उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे-राम, गांधीजी, गंगा, काशी आदि।

173. निम्न में सर्वनाम शब्द है-

(a) दान (b) भजन
(c) कुछ (d) पढ़ना

उत्तर—(c)

'कुछ' सर्वनाम शब्द है। जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु का बोध न हो, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे-कोई, कुछ।

174. निम्न में विशेषण शब्द है-

(a) बुढ़ापा (b) दौड़
(c) क्रोध (d) शांत

उत्तर—(d)

'शांत विशेषण शब्द है, जिसका विशेष्य 'शांति' होगा। बुढ़ापा एवं क्रोध विशेष्य हैं, जिनके विशेषण क्रमशः बूढ़ा तथा क्रुद्ध हैं।

175. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया है-

(a) चलना (b) जगाना
(c) पढ़ना (d) बदलना

उत्तर—(b)

'जगाना' प्रेरणार्थक क्रिया है। जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्ता स्वयं कार्य न कर किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, उन्हें प्रेरणार्थक क्रियाएं कहते हैं।

176. निम्न में अव्यय है-

(a) भारत (b) श्याम
(c) आह (d) दक्षिण

उत्तर—(c)

जिन अव्ययों में हर्ष, शोक आदि के भाव सूचित हों, किंतु उनका संबंध वाक्य या उसके किसी विशेष पद से न हो, उन्हें विस्मयादिबोधक कहते हैं। जैसे-आह, वाह, अरे आदि।

177. 'आंख' का पर्यायवाची है-

(a) लोचन (b) पावक
(c) वसन (d) प्रभा

उत्तर—(a)

'आंख' का पर्यायवाची 'लोचन' है। इसके अन्य पर्यायवाची हैं—नेत्र, दृग, चक्षु आदि। पावक 'अग्नि' का और वसन 'वस्त्र' का पर्यायवाची है।

178. 'जड़' का विलोम है-

(a) जल (b) मूर्ख
(c) विद्वान (d) चेतन

उत्तर—(d)

'जड़' का विलोम 'चेतन' है। जल का विलोम थल और मूर्ख का विलोम विद्वान है।

179. 'भविष्य में होने वाला' के लिए एक शब्द है-

(a) भावी (b) गत
(c) विगत (d) आभास

उत्तर—(a)

'भविष्य में होने वाला' के लिए एक शब्द 'भावी' है।

180. 'अनिल-अनल' शब्द युग्म का सही अर्थ है-

(a) आग-हवा (b) हवा-आग
(c) हवा-जंगल (d) जंगल-आग

उत्तर—(b)

'अनिल-अनल' शब्द युग्म का सही अर्थ 'हवा-आग' है।

181. निम्न में कौन-सा शब्द अनेकार्थक है?

(a) अभिमान (b) आयु
(c) अधिक (d) अर्थ

उत्तर—(d)

'अर्थ' शब्द अनेकार्थक है जिसके अर्थ धन, मतलब, कारण, लिए हैं।

182. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-

(a) अधीकार (b) अनुशरण

(c) अध्ययन (d) अगामी

उत्तर—(c)

'अध्ययन' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अधीकार, अनुशरण एवं अगामी अशुद्ध हैं, जिनके शुद्ध रूप क्रमशः अधिकार, अनुसरण एवं आगामी हैं।

183. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है-

(a) आनुषंगिक (b) आध्यात्मिक

(c) इतिहासिक (d) दायित्व

उत्तर—(c)

'इतिहासिक' वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है, जिसका शुद्ध रूप 'ऐतिहासिक' है। शेष शब्द शुद्ध हैं।

184. निम्न में कर्ता कारक का परसर्ग कौन-सा है?

(a) को (b) ने

(c) से (d) में

उत्तर—(b)

कर्ता कारक का परसर्ग 'ने' है, जबकि कर्म कारक का 'को' सम्प्रदान कारक का 'को, के लिए', करण कारक का 'से या द्वारा', अपादान कारक का 'से' (अलगाव अर्थ में) और अधिकरण कारक का 'में, पर' है।

185. निम्न में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

(a) दया (b) प्रार्थना

(c) वायु (d) नेत्र

उत्तर—(d)

'नेत्र' पुल्लिंग शब्द है, जबकि दया, प्रार्थना एवं वायु स्त्रीलिंग शब्द हैं।

186. निम्न में स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) शोभा (b) शस्त्र

(c) पालन (d) नृत्य

उत्तर—(a)

'शोभा' स्त्रीलिंग शब्द है, जबकि शस्त्र, पालन एवं नृत्य पुल्लिंग शब्द हैं।

187. किसका प्रयोग सदैव एकवचन में होता है?

(a) नदी (b) प्रत्येक

(c) साधु (d) घर

उत्तर—(b)

'प्रत्येक' तथा 'हर एक' का प्रयोग सदा एकवचन में होता है।

188. निम्न में वर्तमान काल का उदाहरण है-

(a) उसने पढ़ा था।

(b) वह पुस्तक पढ़ेगा।

(c) वह जाता है।

(d) वह खेल रहा था।

उत्तर—(c)

'वह जाता है' वर्तमान काल का उदाहरण है,' उसने पढ़ा था' भूतकाल और 'वह पुस्तक पढ़ेगा' भविष्य काल का उदाहरण है। वह खेल रहा था' अपूर्ण भूतकाल का उदाहरण है।

189. निम्न में कर्मवाच्य का उदाहरण है-

(a) पत्र लिखा जाता है।

(b) राम पुस्तक पढ़ता है।

(c) सीता पत्र लिखती है।

(d) मुझसे बैठा नहीं जाता।

उत्तर—(a)

'पत्र लिखा जाता है।' कर्मवाच्य का उदाहरण है। क्रिया का वह रूपांतर जिससे वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो, कर्मवाच्य कहलाता हैं। 'राम पुस्तक पढ़ता है' एवं 'सीता पत्र लिखती है' कर्तृवाच्य और 'मुझसे बैठा नहीं जाता' भाववाच्य का उदाहरण है।

190. निम्न में कौन-सा वाक्य सरल वाक्य नहीं है?

(a) लड़का दौड़ता है।

(b) बंदर पेड़ पर चढ़ रहे थे।

(c) मैंने लड़के को बुलाया।

(d) इस मेले का उद्देश्य है कि व्यापार में वृद्धि हो।

उत्तर—(d)

विकल्प (d) में प्रस्तुत वाक्य सरल वाक्य नहीं, बल्कि संयुक्त वाक्य है, जबकि विकल्प (a), (b) एवं (d) में प्रस्तुत वाक्य सरल वाक्य हैं।

191. 'मैंने यह काम कर लेना चाहिए।' वाक्य में अशुद्ध अंश है-

(a) मैंने (b) यह काम

(c) कर लेना (d) चाहिए।

उत्तर—(a)

वाक्य में 'मैंने' के स्थान पर 'मुझे' होना चाहिए। शुद्ध वाक्य इस प्रकार है-'मुझे यह काम कर लेना चाहिए'।

192. 'अल्प विराम' का चिह्न है-

(a) ; (b) ,

(c) । (d) !

उत्तर–(b)

अल्प विराम का चिह्न ',' है। हिन्दी में प्रयुक्त विरामचिह्नों में अल्पविराम का प्रयोग सबसे अधिक होता है। अल्पविराम का अर्थ है, थोड़ी देर के लिए रुकना या ठहरना।

193. 'अंग-अंग फूले न समाना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) गुस्सा होना

(b) दुखी होना

(c) बहुत आनंदित होना

(d) बीमारी होना

उत्तर–(c)

'अंग-अंग फूले न समाना' मुहावरे का सही अर्थ 'बहुत आनंदित/खुश होना' है।

194. 'अंगारों पर पैर रखना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(a) मूर्ख होना

(b) समझदार होना

(c) नुकसान होना

(d) जोखिम मोल लेना

उत्तर–(d)

'अंगारों पर पैर रखना' मुहावरे का सही अर्थ जोखिम मोल लेना/खतरनाक कार्य करना है।

195. 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति का सही अर्थ है-

(a) होनहार बालक सुंदर होता है।

(b) सुंदर बालक होनहार होता है।

(c) होनहार बालक के गुण बचपन से ही दिखाई देने लगते हैं।

(d) होनहार बालक सुंदर नहीं होता है।

उत्तर–(c)

'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति का अर्थ है- होनहार बालक के गुण बचपन से ही दिखाई देने लगते हैं।

196. 'एक से बढ़कर दूसरे' का अर्थ व्यक्त करने के लिए सही लोकोक्ति है-

(a) समरथ को नहिं दोष गोसाईं

(b) सेर को सवा सेर

(c) सइया भये कोतवाल अब डर काहे का

(d) सखी न सहेली, भली अकेली

उत्तर–(b)

'एक से बढ़कर दूसरा' का अर्थ व्यक्त करने वाली सही लोकोक्ति हैं- 'सेर को सवा सेर।' 'समरथ को नहिं दोष गोसाईं' का अर्थ है- सामर्थ्यवान का दोष नहीं खोजा जाता। 'सखी न सहेली, भली अकेली' का अर्थ है- 'अकेले रहना अच्छा'।

197. मूलपाठ का शब्दशः अनुवाद कहलाता है-

(a) भावानुवाद (b) छायानुवाद

(c) व्याख्यानुवाद (d) शब्दानुवाद

उत्तर–(d)

मूलपाठ का शब्दशः अनुवाद 'शब्दानुवाद' कहलाता है। भावानुवाद में मूलपाठ के अर्थ, विचार एवं भावों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। छायानुवाद मूल पाठ के भावों, विचारों आदि की छायामात्र लेकर चलता है, जबकि मूल पाठ की व्याख्या के साथ जो अनुवाद किया जाता है, उसे व्याख्यानुवाद कहा जाता है।

198. निम्न में कौन-सी बोली उ.प्र. की नहीं है?

(a) मेवाती (b) कन्नौजी

(c) भोजपुरी (d) ब्रज

उत्तर–(a)

'मेवाती बोली' उत्तर प्रदेश की नहीं, बल्कि हरियाणा एवं राजस्थान की बोली है। कन्नौजी, भोजपुरी एवं ब्रज उत्तर प्रदेश की बोलियां हैं।

199. 'प्राधिकारी' के लिए सटीक अंग्रेजी शब्द है-

(a) OFFICER (b) AUTHORITY

(c) LORD (d) PROPRIETOR

उत्तर–(b)

'प्राधिकारी' के लिए सटीक अंग्रेजी शब्द 'AUTHORITY' है। 'अधिकारी' का OFFICER और 'स्वामी' का PROPRIETOR सटीक अंग्रेजी शब्द है।

200. 'ORDER' के लिए सटीक हिंदी शब्द है-

(a) निर्देश (b) निदेश

(c) आदेश (d) अनुदेश

उत्तर–(c)

'ORDER' के लिए सटीक हिंदी शब्द 'आदेश' है।